★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि. नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 37 ★ अंक : 28 ★ पृष्ठ : 12 ★ औरंगाबाद, बुधवार, 24 जून 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



बिहार संग्रहालय समिति के शासी निकाय की बैठक में भाग लेते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### बेऊर जेल के अधीक्षक निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बेऊर जेल के अधीक्षक नीरज कुमार झा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कारा प्रशासन और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से बीते शनिवार को बेऊर जेल में छापेमारी की थी। दरअसल नीरज कुमार झा पर जेल के अंदर संगठित गिरोह चलाने का आरोप लगा था। इसके बाद यह छापेमारी हुई थी। बंदियों की ओर से शिकायत की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जेल के अंदर रुपए देने पर सुविधा मुहैया कराने का आरोप लगाया गया था।

### बक्सर नगर परिषद इओ कुमार ऋत्विक निलंबित

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बक्सर दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक होने के मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने बक्सर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कुमार ऋत्विक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री के 23 मई को बक्सर दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक और सरकारी निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

### एसडीपीओ, एसएचओ समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। भरत तिवारी की मां आशा देवी के आवेदन के आधार पर एसडीपीओ, शाहपुर थाने के एसएचओ समेत पांच पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। भोजपुर के एसपी राज ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। घटना के बाद शाहपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया था। भरत तिवारी की मां आशा देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### तबादले में शिक्षकों को मिलेंगे 30 विकल्प

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार शिक्षकों को तबादले के लिए 30 विकल्प देगी। उनका पदस्थापन इन्हीं विकल्पों में से कहीं होगा। यही नहीं पहली बार शिक्षकों के तबादले में मेरिट को भी आधार बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने शिक्षकों के तबादले की नीति को अंतिम रूप दे दिया है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। अब इस पर कैबिनेट की मुहर लगनी है। माना जा रहा है कि अगली कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लग जाएगी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद तबादले की नीति के आधार पर शीघ्र शिक्षकों का तबादला किया जाएगा। सरकार की योजना जुलाई में हर हाल में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया पूरी कर लेने की है ताकि सरकारी विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि हम चाहते हैं कि शिक्षक बगैर किसी तनाव के रहें ताकि अध्यापन कार्यों को बेहतर ढंग से निष्पादित कर सकें।

## मुख्यमंत्री ने की युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 25 लाख युवाओं को कुशल बनाये जाने का लक्ष्य : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 25 लाख युवाओं को कुशल बनाये जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये जीविका दीदियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग पांच लाख लोगों को जल्द रोजगार एवं 50 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी से काम करें। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विस्तार के लिए समुचित कार्य योजना तैयार करें तथा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जाए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 25 लाख युवाओं को कुशल बनायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार फाउंडेशन के माध्यम से प्रवासी बिहारियों एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करें ताकि देश-विदेश की आवश्यकता के अनुरूप हमारे कुशल युवा वहां रोजगार प्राप्त कर सकें। अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के अवसरों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करें ताकि रोजगार के अवसर बढ़े। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में युवाओं के संचार कौशल एवं विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थाओं के आसपास के क्षेत्रों में होम-स्टे माडल को प्रोत्साहित करें। इसके लिए आवश्यक प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य योजना बनायें। विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करें, साथ ही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ कर शैक्षणिक गुणवत्ता बनाये रखें। बैठक में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरूण शंकर प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, लोकेश कुमार सिंह, कौशल किशोर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# आज 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देंगे सीएम हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज बुधवार को 151 विशेषज्ञ चिकित्सक सहित कुल 262 पदों पर अनुशंसित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसे लेकर प्रोजेक्ट भवन सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे नियुक्त पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी एवं अन्य मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। जिन पदों के लिए अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेगा उनमें खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के 56, वरीय अस्पताल प्रबंधक के 29 तथा वित्त प्रबंधक के 26 पद भी सम्मिलित हैं। इनमें खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से हुई है। राज्य में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों के पद लंबे समय से रिक्त था। इस पद पर नियमित नियुक्ति हुई है। अब इन पदों पर नियुक्ति होने से राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर शिकंजा कसेगा। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत अनुबंध पर टेंडर के माध्यम से हुई है। चयनित चिकित्सकों को उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए विकल्प के अनुसार पदस्थापन भी कर दिया है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद अभ्यर्थी वहां योगदान देंगे। इन सभी चिकित्सकों को उनके द्वारा कोट की गई मानदेय राशि मिलेगी जो अधिकतम तीन लाख रुपये मासिक होगी। इनके अलावा वरीय अस्पताल प्रबंधक तथा वित्त प्रबंधक के पदों पर भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत अनुबंध पर हुई है। इन्हें निर्धारित मानदेय देय होगा।

# रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में भोजपुर जिले के गड़हनी अंचल कार्यालय में तैनात एक राजस्व कर्मचारी को 3,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर्मी की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो अंचल कार्यालय गड़हनी में कार्यरत हैं। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना की मुख्यालय टीम ने निगरानी थाना कांड संख्या-074/26 के तहत यह कार्रवाई मंगलवार को की। इस अचानक हुई छापेमारी से अंचल कार्यालय में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार, 22 जून 2026 को दर्ज प्राथमिकी में एड़ौरा गांव निवासी रामदेव राम ने लिखित शिकायत की थी कि राजस्व कर्मचारी द्वारा उनके जमीन संबंधी कार्य के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। पीड़ित ने बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने के बाद परेशान होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का मन बनाया और मामले की लिखित सूचना सीधे पटना निगरानी ब्यूरो को दे दी। इसके बाद विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपनीय तरीके से जाल बिछाया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक गौतम कृष्ण के नेतृत्व में एक विशेष धावादल का गठन किया गया। इस टीम ने मंगलवार को गड़हनी अंचल कार्यालय परिसर में पूरी मुस्तैदी के साथ घेराबंदी की और जैसे ही पीड़ित ने राजस्व कर्मचारी को केमिकल लगे हुए नोट थमाए वैसे ही टीम ने जितेंद्र कुमार को रंगे हाथ दबोच लिया।

### बालू कारोबारी की हत्या से बवाल

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराधियों ने एक और गिट्टी-बालू कारोबारी को गोली मार दी। सिर में गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घायल कारोबारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान धीरेंद्र प्रसाद सिंह के बेटे सोनू सिंह के रूप में हुई है। घटना कर्पूरीग्राम थाना क्षेत्र की है। हत्या के विरोध में मंगलवार को आक्रोशित लोगों ने बीच सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर आगजनी भी की जिससे दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोग हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे।

# गाड़ी मालिकों से वसूले गए एक करोड़ 24 लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। राज्यभर में चलाए गए इस व्यापक अभियान के दौरान कुल 86 हजार 308 गाड़ियों की जांच की गई। इस चेकिंग के दौरान पुलिस को अपराधियों की धर पकड़ में कामयाबी हासिल हुई है। विशेष चेकिंग अभियान 16 मई से 20 जून तक राज्य के सभी प्रमुख चौराहों, हाईवे और संवेदनशील रूटों पर चलाया गया था। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान विभिन्न जिलों से कुल 819 वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। ये ऐसे शातिर अपराधी हैं, जो लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहे थे। इसके अलावा, न्यायालय की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर 375 वारंटियों को भी दबोचा गया है। इस एक महीने से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध पाए गए 91 गाड़ियों को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और बिना उचित डॉक्यूमेंट्स के चलने वाले 8,604 गाड़ियों का चालान किया गया। इस पूरी कार्रवाई के तहत पुलिस ने गाड़ी मालिकों से कुल एक करोड़ 24 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। सुरक्षा के लिहाज से इस अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की बरामदगी रही। चेकिंग के दौरान गाड़ियों से 16 अवैध हथियार और 49 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इससे किसी बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते टाल दिया गया।

### सड़क हादसे में महिला जवान समेत 13 पुलिसकर्मी घायल

**सासाराम (नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले में मंगलवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आरा-सासाराम मार्ग पर संझौली थाना क्षेत्र के सिकठी गांव के पास चावल लदे एसएफसी ट्रक ने बिहार पुलिस के जवानों को लेकर जा रही बस में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 13 पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें 10 महिला और 3 पुरुष जवान शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस की एक कंपनी बेगूसराय से डिहरी स्थित मुख्यालय जा रही थी। इसी दौरान सिकठी गांव के समीप पीछे से आ रहे एसएफसी के चावल लदे ट्रक ने पुलिस बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार कई जवान घायल हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जांच में ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है।

# दिशोम गुरु को मरणोपरांत मिला पद्म भूषण

## व्हीलचेयर पर बैठी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से ग्रहण किया पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली/रांची।** झारखंड के कद्दावर नेता और दिशोम गुरु के नाम से विख्यात शिबू सोरेन को लोक कार्य के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए मरणोपरांत देश के प्रतिष्ठित 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में यह सम्मान प्रदान किया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन की ओर से यह सम्मान उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने ग्रहण किया। वे व्हीलचेयर पर बैठकर मंच तक पहुंचीं जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार सौंपा। यह क्षण पूरे झारखंड और सोरेन परिवार के लिए बेहद भावुक और गौरवपूर्ण रहा। इस ऐतिहासिक और गौरवशाली पल का गवाह बनने के लिए सोरेन परिवार के सदस्य भी राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड की प्रमुख नेता और विधायक कल्पना सोरेन के साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। शिबू सोरेन को यह सम्मान उनके जीवनकाल में समाज के वंचितों, आदिवासियों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ने और लोक कार्य के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक व ऐतिहासिक योगदान को देखते हुए दिया गया है। झारखंड की राजनीति और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें इस उच्च नागरिक सम्मान के लिए चुना था। इस सम्मान के बाद पूरे राज्य में हर्ष का माहौल है।

# बिना ट्रेनिंग सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदकों को राज्य में निबंधित ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके लिए बिहार मोटरगाड़ी नियमावली में संशोधन किया जाएगा। इस व्यवस्था का उद्देश्य नए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के प्रति बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करना है। यह निर्णय मंगलवार को बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में लिया गया। परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत की अध्यक्षता में मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नोडल पदाधिकारियों सहित सड़क सुरक्षा परिषद से जुड़े सभी प्रमुख स्टेकहोल्डर्स ने भाग लिया। बैठक में सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया तथा कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि बिहार सरकार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने जाना पीएमसीएच का हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। उन्होंने नवनिर्मित अस्पताल भवन टॉवर-3 के प्रथम तल पर बने नए रेडियोलॉजी विभाग का उद्घाटन किया। इस दौरान अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों का दौरा किया और मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल में स्थापित नई मशीनों को भी देखा और उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निशांत कुमार ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्हें तुरंत जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने पीएमसीएच में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी लंबित कार्यों को तय समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने को कहा। निशांत कुमार जब अस्पताल से बाहर निकल रहे थे तो उनकी नजर कुछ लोगों पर पड़ी। इसके बाद वे लोगों का हाल-चाल पूछने लगे। एक व्यक्ति उनके करीब आया और निशांत से कहा कि सर यहां डॉक्टर लोग बहुत अच्छे हैं लेकिन नर्स बहुत परेशान करती हैं। तुरंत निशांत कुमार ने नर्स को बुलाया और सवाल जवाब करने लगे। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कुछ दिन पहले कहा था कि विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्हें पीएमसीएच को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने इन शिकायतों को गंभीर बताते हुए अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया था। साथ ही औचक निरीक्षण कर जमीनी स्थिति देखने की बात कही थी। आज मंगलवार का उनका यह दौरा उसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि पत्रकार अस्पतालों में जाकर रिपोर्टिंग कर सकते हैं और उन्हें खबरों के संकलन से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। मीडिया की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है और रिपोर्टिंग पर किसी तरह की रोक नहीं होनी चाहिए।

# 70वीं बीपीएससी में 148 बेटियों ने पाई सफलता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 1914 महिला अभ्यर्थियों को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। इन लाभार्थियों के बीच कुल 9.57 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। इन लाभार्थियों में से 148 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन विभिन्न प्रशासनिक पदों पर हुआ है। गोपालगंज की शिखा सिंह ने 13वीं रैंक हासिल कर वित्तीय प्रशासनिक पद प्राप्त किया। दरभंगा की रितिका झा, भागलपुर की वैष्णवी चौधरी, बक्सर की खुशबू कुमारी, कटिहार की मनीषा भारती और मुंगेर की नम्रता ने बिहार प्रशासनिक सेवा में व अन्य कई अभ्यर्थियों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया। पदवार चयन में सबसे अधिक 32 महिलाओं का चयन ग्रामीण विकास पदाधिकारी पद पर हुआ। इसके बाद 26 महिलाएं राजस्व पदाधिकारी बनीं। 17 का चयन आपूर्ति निरीक्षक, 15 का बिहार प्रशासनिक सेवा और 12 का बिहार पुलिस सेवा में हुआ। इसके अलावा राज्य कर सहायक आयुक्त, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी समेत कई पदों पर भी महिलाओं ने सफलता हासिल की।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS (Electrohomeopathy Medicine), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

CMYK

### राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की संयुक्त त्रैमासिक बैठक, बिहार कृषि ऋण पोर्टल का लोकार्पण

# वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक साख योजना के तहत 4.95 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित

## बैंकिंग योजनाओं की उपलब्धियों में वृद्धि लाने का मंत्री ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), बिहार की 96वीं एवं 97वीं संयुक्त त्रैमासिक बैठक मंगलवार को पटना स्थित होटल मौर्या में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री (वित्त) बिजेंद्र प्रसाद यादव ने की। बैठक में राज्य में कार्यरत बैंकों के प्रदर्शन तथा विभिन्न वित्तीय एवं विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सूचना, जनसंपर्क एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा तथा डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नन्द किशोर राम भी उपस्थित रहे। मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपलब्धियों में वृद्धि लाने के निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य में कार्यरत बैंकों के प्रदर्शन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने वार्षिक साख योजना (एसीपी) के 100 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति, साख-जमा अनुपात में वृद्धि तथा राज्य के समग्र वित्तीय विकास पर विशेष बल दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने का संकल्प भी व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर बिहार का साख-जमा अनुपात 60.21 प्रतिशत दर्ज किया गया जो 60 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसे राष्ट्रीय औसत के करीब ले जाने के लिए विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक साख योजना के तहत 4.95 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो पिछले वर्ष के लक्ष्य की तुलना में 47.32 प्रतिशत अधिक है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बिहार कृषि ऋण पोर्टल का विधिवत लोकार्पण किया। यह पोर्टल किसानों को कृषि ऋण से संबंधित सुविधाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बैठक को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरबिंद तथा नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने विभिन्न वित्तीय एवं बैंकिंग लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। अंत में एसएलबीसी बिहार के संयोजक एवं भारतीय स्टेट बैंक के महाप्रबंधक योगेन्द्र शेलके ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक कुमार रणजीत ने किया। बैठक में राज्य के सभी प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, जिला प्रशासन के पदाधिकारी तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक भी शामिल हुए।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद्, जननेता और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण और संगठन निर्माण में योगदान को स्मरण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संघर्ष आज भी भारतीय राजनीति के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने उस समय जम्मू-कश्मीर में लागू अलग व्यवस्थाओं का विरोध किया था और देश की एकता तथा समान नागरिक अधिकारों के पक्ष में आंदोलन चलाया। उनका राजनीतिक जीवन राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और समाज की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा संगठन और देश निर्माण में किए गए योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी जो बाद में वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व सार्वजनिक जीवन में शुचिता, राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का संदेश देता रहेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के विचार और आदर्श आज भी देश के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।

## दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक में जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर सांसदों ने दिए सुझाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** महेन्द्रूघाट, पटना में दानापुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में राज्यसभा के सांसद शिवेश कुमार एवं शंभु शरण पटेल तथा आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह, गाजीपुर के सांसद अफजल अंसारी, नवादा के सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित थे। इनके अलावा सांसद नीतीश कुमार के प्रतिनिधि के रूप में विधायक ललन कुमार, वस्त्र मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि कुंदन भारती, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी के सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद सिबगतुल्लाह खान, सांसद खीरू महतो के प्रतिनिधि पिंटू कुमार सिंह, सांसद डॉ. भीम सिंह के सांसद प्रतिनिधि इन्द्रजीत कुमार, सांसद रवि शंकर प्रसाद के सांसद प्रतिनिधि रामजी सिंह, सांसद वीरेन्द्र सिंह के सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार यादव, सांसद डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव के प्रतिनिधि मोहम्मद शाहनवाज, सांसद अरुण भारती के प्रतिनिधि अरविंद कुमार उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। महाप्रबंधक ने अपने स्वागत संबोधन में दानापुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से माननीय सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दानापुर मंडल अपने ऐतिहासिक स्थापना एवं निरंतर यात्री सेवा के स्वर्णिम उपलब्धियों के साथ विगत वर्ष 2025 में शताब्दी वर्षगांठ मनाते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को बेहतर बनाने के लिए हम सतत प्रयत्नशील हैं। पर्व त्योहार एवं अत्यंत व्यस्त सीजन पर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करती रही है । वर्तमान वितीय वर्ष 2025-26 में 518 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया गया एवं विभिन्न गाड़ियों में कुल 2262 अतिरिक्त कोच लगाये गए। 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत स्टेशनों का दीर्घकालिक दृष्टिकोण से विकास किया जा रहा है। पाटलिपुत्र में वंदे भारत ट्रेनसेट अनुरक्षण डिपो एवं हार्डिंग पार्क में 05 नये प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रस्तावित राजगीर कोचिंग कॉम्प्लेक्स एवं फतुहा मेगा कोचिंग टर्मिनल का निर्माण कार्य अलग-अलग चरणों में प्रगति पर है ।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का अप्रतिम उदाहरण : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं देश की एकता और अखंडता के महान प्रहरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा और उनका योगदान भारतीय राजनीति एवं राष्ट्रनिर्माण के इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की रक्षा के लिए संघर्षपूर्ण जीवन जिया। स्वतंत्र भारत में उन्होंने ऐसे अनेक विषयों पर मुखर होकर अपनी बात रखी, जो देश की राष्ट्रीय अस्मिता और संवैधानिक एकता से जुड़े हुए थे। उनका मानना था कि भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित है। उन्होंने अपने विचारों और कर्मों से राष्ट्रवाद की ऐसी धारा प्रवाहित की जो आज भी करोड़ों देशवासियों को प्रेरित करती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी व्यवस्थाओं का दृढ़ता से विरोध किया और 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का उद्घोष कर राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने उन्हें बलिदान के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता : प्रमोद चंद्रवंशी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में पूरे बिहार के सभी जिलों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। पटना में यह कार्यक्रम ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व में 6, बैक हार्डिंग रोड स्थित कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए आजीवन संघर्ष किया और राष्ट्रहित में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ. मुखर्जी के सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में देश मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

## आइएमसी गया से बिहार के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड (बीआईएमसीजीएल) की आठवीं बोर्ड बैठक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गया में विकसित किए जा रहे समेकित विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) की प्रगति, निवेश आकर्षण, भूमि आवंटन और आधारभूत संरचना विकास से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान परियोजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया तथा समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कुंदन कुमार ने संबंधित विभागों और कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने तथा सभी गतिविधियों के बेहतर समन्वय का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि बिहार औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक प्रोत्साहन उपायों तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों के कारण बिहार निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनकर उभर रहा है। कुंदन कुमार ने कहा कि आईएमसी गया राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी और प्राथमिकता वाली परियोजना है। इसका उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित कर विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना बिहार को राष्ट्रीय औद्योगिक परिदृश्य में मजबूत पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में भूमि आवंटन से संबंधित प्रस्तावों, संभावित निवेश परियोजनाओं तथा क्लस्टर क्षेत्र में अतिरिक्त आधारभूत संरचना विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया और आवश्यक निर्णय लिए गए। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) के निदेशकों और अधिकारियों ने भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया। उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन और भावी विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आईएमसी गया परियोजना से बिहार में औद्योगिक निवेश, विनिर्माण गतिविधियों और रोजगार सृजन को नई गति मिलने की उम्मीद है, जिससे राज्य के समग्र आर्थिक विकास को और मजबूती मिलेगी।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने चयनित विद्यालयों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और हरित प्रथाओं को विकसित करने तथा विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गत वर्ष हरित विद्यालय प्रतियोगिता-2025 आयोजित की गई थी जिसमें स्वमूल्यांकन व सत्यापन के पश्चात चयनित विद्यालयों को सम्मानित किया गया था। विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति आ रही जागरूकता को गति देने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा इस वर्ष भी हरित विद्यालय प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक विद्यालयों से आवेदन आमंत्रित किए गये हैं जिसे प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई, 2026 के अपराह्न 4:00 बजे तक रखी गयी है। इस प्रतियोगिता में आवदेन करने हेतु पर्षद् के वेबसाइट के 'नोटिस' में जाकर अथवा इस लिंक पर क्लिक करने पर विज्ञापन दिखेगा जिसमें दिये गये दो क्यू आर कोड को स्कैन करने पर क्रमशः 'आवेदन प्रपत्र' तथा 'आवेदन संबंधी मार्गदर्शिका' उपलब्ध है। आवेदन प्रपत्र को भरकर पर्षद् के ई.मेल पर प्रेषित किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों कें स्वमूल्यांकन का सत्यापन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा गठित समिति द्वारा 10 जुलाई, 2026 से किया जायेगा। सर्वोत्तम प्रदर्शन वाले विद्यालयों को पर्षद् द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

## पाठ्यक्रम में शामिल हो लघुकथाएं : डॉ. ध्रुव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच की उपाध्यक्ष एवं जेपी विश्वविद्यालय छपरा की पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो अनीता राकेश को भोपाल स्थित हिंदी भवन में आचार्य जगदीश चंद्र मिश्र आलोचना सम्मान से सम्मानित किया गया। लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल के तत्वावधान में अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध गोष्ठी के अवसर पर पटना के लघुकथा शोध छात्र डा प्रिंस कुमार को डा उपासना सक्सेना लघुकथा शोध प्रेरणा सम्मान एवं मिन्नी मिश्रा को भी 'लघुकथा-श्री कृति' सम्मान प्रदान किया गया। सभी को सम्मान-पत्र, प्रतीक चिह्न, अंगवस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिन्नी मिश्रा के लघुकथा संग्रह 'उजाले की ओर' का लोकार्पण भी हुआ। देश भर से आए लघुकथाकारों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के महासचिव डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि विद्यालय और विश्वविद्यालय साहित्य पाठ्यक्रमों में लघुकथाओं को शामिल किए जाने की आवश्यकता है। अध्यक्षता मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ उमेश कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवेन्द्र दीपक, मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक नुसरत मेहदी, लघुकथा शोध केंद्र समिति की निदेशक कांता राय, भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, वीणा के संपादक राकेश शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, ज्योति जैन, डॉ मिथिलेश दीक्षित, मालती बसंत, डॉ योगेंद्र नाथ शुक्ल, डॉ मोहम्मद आजम, मीरा जैन, कोमल बाधवानी, सरिता वघेला, घनश्याम मैथिल अमृत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन देश भर से आए लघुकथाकारों के लघुकथा पाठ से हुआ।

## तेज प्रताप यादव के सरकारी आवास से चोरी

### 20 लाख रुपये समेत कीमती सामान गायब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** तेज प्रताप यादव ने अपने निजी सहायक मोतीलाल राय पर सरकारी आवास से 20 लाख रुपये नकद समेत कई कीमती सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तेज प्रताप यादव ने अपने करीबी और निजी सहायक (पीए) मोतीलाल राय के खिलाफ पटना के सचिवालय थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके सरकारी आवास से करीब 20 लाख रुपये नकद सहित कई कीमती सामान चोरी हो गए हैं। शिकायत के अनुसार यह घटना 22 जून को सामने आई जब तेज प्रताप यादव ने अपने कमरे की अलमारी की जांच की। अलमारी से लगभग 20 लाख रुपये नकद, दो तोला सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, चार नए ड्रोन, दो हार्ड डिस्क, एक आईपैड, एक मैकबुक, एक लेनोवो लैपटॉप और चार आईफोन 17 प्रो मैक्स मोबाइल फोन गायब मिले। तेज प्रताप यादव का दावा है कि चोरी हुई नकदी पार्टी फंड की राशि थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह घटना उनके निजी सहायक मोतीलाल राय ने अंजाम दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि घटना की रात करीब 11:30 बजे दो लोगों ने मोतीलाल राय को एक बैग के साथ आवास परिसर की बाउंड्री फांदकर बाहर जाते हुए देखा था।

## बांका के जवाहर कुमार झा कांग्रेस में शामिल, संगठन को मिलेगी नई मजबूती : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बांका से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता जवाहर कुमार झा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री झा विगत 2025 में बांका विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जवाहर कुमार झा का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे सभी सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं का स्वागत करती है जो जनता की आवाज को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जवाहर कुमार झा के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी तथा बांका सहित पूरे क्षेत्र में कांग्रेस की जनाधार बढ़ाने की मुहिम को नया बल मिलेगा। इस अवसर पर जवाहर कुमार झा ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को लेकर पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर पार्टी के नेता बैद्यनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, कमलदेव नारायण शुक्ला, राहुल चौहान, अमित आनंद, उदय शंकर पटेल, सतेंद्र कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह मौजूद थे।

## पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद ने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने विभागीय योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) अरविन्द सिंह ने द्वितीय कृषि रोड मैप (2012-17) और तृतीय कृषि रोड मैप (2017-23) के तहत किए गए कार्यों के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। साथ ही चतुर्थ कृषि रोड मैप (2023-28) में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। वहीं मंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई। मुख्य वन संरक्षक सह निदेशक हरियाली मिशन ने जल जीवन हरियाली अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो के संबंध में मंत्री को अवगत कराया। साथ ही बैठक में ईको टूरिज्म डेवलपमेंट सोसायटी के कार्यो के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण तथा उसकी सुरक्षा और संपोषण करने के निर्देश दिए।

## युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक परिवर्तन लाना आवश्यक : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जन्दाहा (वैशाली)।** हाल ही में आयोजित 'जन्दाहा ओपन माइक (काव्य संध्या)' कार्यक्रम के दौरान युवा भारत विकास संगठन के गठन एवं विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे जाने के बाद समाजसेवी एवं शिक्षाविद डॉ. आनंद रंजन झा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उनकी दिशा, मानसिकता और सामाजिक दशा में सकारात्मक परिवर्तन लाना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए युवा भारत विकास संगठन का गठन किया गया है जो युवाओं को शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने संगठन की नवनियुक्त अध्यक्ष वर्षा ठाकुर, प्रांतीय संरक्षक जय सिंह राठौर, प्रखंड संरक्षक मनोज साह, संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, संगठन संयोजक हरिशंकर सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार कवि दिव्यांश दुष्यंत तथा राष्ट्रीय संरक्षक प्रभात ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों के अनुभव, समर्पण और सक्रिय सहयोग से संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा मुझे जिला संरक्षक के रूप में जो जिम्मेदारी दी गई है उसके लिए मैं संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं। मैं संकल्प लेता हूं कि युवा भारत विकास संगठन के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के हर प्रयास में अपना पूर्ण सहयोग दूंगा।

## स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने पीएमसीएच में नए रेडियोलॉजी विभाग का किया शुभारंभ

### एक ही छत के नीचे मिलेगी अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स-रे की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के नवनिर्मित अस्पताल भवन टॉवर-3 के प्रथम तले पर स्थानांतरित नए रेडियोलॉजी विभाग का शुभारंभ किया और रेडियोलॉजी विभाग का निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को बेहतर एवं त्वरित जांच सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रशासन की पहल की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जानी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। साथ ही अस्पतालों में स्थापित आधुनिक एवं महंगे चिकित्सा उपकरणों को शीघ्र क्रियाशील बनाने तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मोहर्रम को लेकर डीएम ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा मंगलवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहतास, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम एवं अन्य सभी जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा बैठक में भाग लिया गया। उक्त बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, जन प्रतिनिधियों एवं मोहरम कमिटी के सदस्यों से मोर्हरम त्योहार सौहार्दपूर्ण एवं शांति पूर्ण वातावरण में मनाये जाने के उद्देश्य से सुझाव प्राप्त किया गया तथा उनके द्वारा दिये गये सुझावों एवं समस्याओं के आलोक में उनके निदान एवं त्वरित समाधान / कार्रवाई करने के लिए कई आवश्यक निदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालन कराया जाए। उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सभी शांति समिति सदस्यों एवं मोहर्रम कमिटी के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि पर्व को पूर्ण सौहार्द एवं भाईचारे के वातावरण में मनाया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी शर्तों एवं समय सीमा का पालन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध को दोहराते हुए इसके सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम के शांतिपूर्ण आयोजन में शांति समिति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक समरसता बनाए रखने और किसी भी विवाद की स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही नए असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध बंधपत्र एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जाए। पिछले पांच वर्षों में मोहर्रम के दौरान घटित तनावपूर्ण घटनाओं और संबंधित व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनकी वर्तमान गतिविधियों का सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने पर तत्काल उसका खंडन किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन न्यूज चैनलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए ताकि द्वेषपूर्ण, भ्रामक या शरारती वीडियो एवं संदेशों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मोहर्रम जुलूस मार्गों पर स्थित संवेदनशील एवं विवादास्पद स्थलों को पूर्व से चिन्हित कर लिया जाए। उन स्थानों पर विवाद के कारणों का विश्लेषण कर समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम एवं डिहरी को निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्गों पर खुले या जर्जर हालत में लटके बिजली तारों को अविलंब बदलवाया जाए। इसके लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रखने तथा कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं मिस्त्रियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से इसे शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# आर.एस.के. पब्लिक स्कूल के निदेशक ने डीएसपी बनीं सानिया कलीम को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयनित होने वाली सानिया कलीम को आर.एस.के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सानिया कलीम को अंगवस्त्र भेंट कर मिठाई खिलाई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी।

निदेशक आनंद सिंह ने सानिया कलीम की उपलब्धि को डिहरी समेत पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि उनकी सफलता मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा में पहुंचकर सानिया समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह अवश्य दहाड़ेगा।' इस अवसर पर एक भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिला। सानिया कलीम के पिता कलीम अहमद, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, निदेशक आनंद सिंह के गुरु रहे हैं। ऐसे में गुरु के परिवार की बेटी की इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह गुरु-शिष्य परंपरा की सुंदर मिसाल बन गया। आनंद सिंह ने कहा कि सानिया कलीम की सफलता क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि से प्रेरित होकर आने वाली पीढ़ी के छात्र-छात्राएं भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए उत्साहित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में इस क्षेत्र से और भी युवा विभिन्न प्रशासनिक एवं पुलिस सेवाओं में चयनित होकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्या सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और सानिया कलीम को शुभकामनाएं दीं। सानिया कलीम ने सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

# विद्यालय को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत : डॉ मैकू राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** अंतरिक्ष विज्ञान एवं वैज्ञानिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के अध्ययन के लिए आईआईएम अहमदाबाद और आइआइटी कानपुर की संयुक्त टीम किसी भी दिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू पहुंच कर सकती है। टीम के प्रस्तावित दौरे को लेकर विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ मैकू राम ने बताया कि टीम विद्यालय में विज्ञान शिक्षा की स्थिति, छात्रों की वैज्ञानिक गतिविधियों तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति उनकी रुचि का अध्ययन करेगी। इसके साथ ही विशेषज्ञ छात्रों और शिक्षकों से संवाद कर विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्र करेंगे। बताया कि दौरे के दौरान टीम विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, प्रयोगशाला सुविधाओं और विज्ञान विषय से जुड़े कार्यक्रमों का अवलोकन करेगी। साथ ही विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, उपग्रह तकनीक और वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी भी दी जा सकती है, विद्यालय के छात्र-छात्राओं में इस दौरे को लेकर उत्साह का माहौल है। बताया कि विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिलने से विद्यार्थियों को नई दिशा और प्रेरणा प्राप्त होगी। वहीं विद्यालय प्रशासन को उम्मीद है कि इस दौरे से विज्ञान शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त होंगे। क्षेत्र के लोगों का भी मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में आइआइएम अहमदाबाद और आइआइटी कानपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की टीम का आगमन विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। यह दौरा छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि टीम के आगमन के बाद विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

## बिजली चोरी में मझिआंव के छह लोगों पर प्राथमिकी

**अकोढ़ीगोला (नबिटा सं.)।** आयरकोठा थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव में विद्युत विभाग के कनीय अभियंता आजाद कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी किया जिसमें छह लोगों पर जुर्माने की राशि के साथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मीटर से पहले बाईपास तार को छिलकर ऊर्जा की चोरी किया जा रहा था जिनके विरुद्ध कार्रवाई किया गया जिसमें मझिआंव गांव के हालिया खातून पर 10445 रूपये की जुर्बाना, मंजूर आलम पर 19018 रूपये, महेंद्र राम पर 20402 रूपये, सचिन कुमार पासवान पर 33695 रूपये, पिंटू राम पर 17005 रूपये, शत्रुधन राम पर 21551 रूपये की जुर्माना राशि के साथ प्राथमिकी दर्ज कराया है।

# जीएनएसयू में एआई आधारित शिक्षा पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग ने आई ई ई ई कोलकाता सेक्शन और आई ई ई ई स्टूडेंट ब्रांच जी एन एस यू के सहयोग से 23 से 29 जून 2026 तक एआई आधारित युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उन्नत शिक्षण रणनीतियां विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक शुरुआत किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जो ज्ञान और बुद्धिमत्ता के प्रसार का प्रतीक है। उद्घाटन सत्र में प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह, वाइस-चांसलर प्रो. (डॉ.) जगदीश सिंह, कुलसचिव डॉ कुमार आलोक प्रताप, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, संकाय के डीन और संयोजक डॉ. पंकज दशोरे, फैकल्टी सदस्य और देश भर से आए प्रतिभागी शामिल हुए। इस एफ डी पी में बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे ज्ञान साझा करने, शैक्षणिक सहयोग और पेशेवर विकास के लिए एक बेहतरीन मंच तैयार हुआ। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण हो रही तेजी से प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई न केवल इंजीनियरिंग और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, बल्कि फार्मेसी, मैनेजमेंट, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में भी बदलाव ला रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उभरती हुई तकनीकों और उद्योग की बदलती जरूरतों के साथ तालमेल बिठाने के लिए फैकल्टी सदस्यों को लगातार अपने कौशल और ज्ञान को अपग्रेड करना चाहिए।

# 1355 बेटियां पहनेंगी बिहार पुलिस की वर्दी, बिसैप-2 डिहरी में होगा भव्य दीक्षांत परेड समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार पुलिस के इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय जुड़ने जा रहा है। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बिसैप)-2, डिहरी स्थित प्रशिक्षण केंद्र के परेड मैदान में बुधवार को भव्य दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन होगा जिसमें 1355 नवनियुक्त महिला आरक्षी प्रशिक्षण पूर्ण कर औपचारिक रूप से बिहार पुलिस बल का हिस्सा बनेंगी। 216 दिनों के कठोर एवं अनुशासित प्रशिक्षण के बाद ये बेटियां अब कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। परेड मैदान में एक समान वर्दी में कदम से कदम मिलाकर चलती महिला आरक्षियों का दृश्य हर किसी के लिए गर्व का क्षण होगा। यह उपलब्धि न केवल इन प्रशिक्षुओं के लिए, बल्कि उनके परिवारों और पूरे समाज के लिए भी सम्मान का विषय है। समारोह के दौरान सलामी, शपथ ग्रहण एवं देश और समाज की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही प्रशिक्षु महिला आरक्षी पुलिस सेवा के मूल्यों–कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा–का संकल्प लेंगी। बिसैप-2 डिहरी के प्रशिक्षण केंद्र से निकलने वाली यह नई टुकड़ी बिहार में सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी बनेगी। पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण का दायित्व है। बुधवार का यह ऐतिहासिक अवसर 1355 परिवारों के लिए गर्व, सम्मान और नई उम्मीदों का संदेश लेकर आएगा।

# कैमूर जिला स्तरीय बैठक में मुहर्रम शांतिपूर्ण मनाने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भभुआ।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। सभी सदस्यों ने सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग की भावना के साथ पर्व मनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि कैमूर की पहचान सामाजिक सद्भाव एवं सांप्रदायिक सौहार्द की रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति एवं भाईचारे के वातावरण को बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल प्रशासन को जानकारी देने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से कानून का पालन करने एवं पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग देने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति के साथ मनाने का संकल्प व्यक्त किया तथा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने पुनः सभी जिलेवासियों से मुहर्रम पर्व को शांति, सद्भाव एवं पारस्परिक सम्मान के साथ मनाने की अपील की है। बैठक में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, नगर परिषद एवं पंचायत प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

## मजदूरी, मनरेगा और पेंशन को लेकर सरकार पर हमला

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय पर अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा और अखिल भारतीय किसान महासभा ने संयुक्त धरना देकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया और मांग पत्र सौंपा। खेग्रामस के जिला सचिव कृष्णा मेहता ने कहा कि मोदी सरकार की कॉर्पोरेट नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था बदहाल है और मजदूर भूख-बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

(पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल)

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी.–डी.एस.ई.–टी.ओ.टी. 04–26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमंत्रित करती है।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान:** प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरा एट नॉन इंटरलॉक्ड मैन्ड एलसी गेट्स एट डिफरेंट लोकेशन ओवर डीडीयू डिविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य:** रू.4,86,43,985.53/– (चार करोड़ छियासी लाख तेतालीस हजार नौ सौ पचासी एवं तिरपन पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि:** रू.9,72,900/– (नौ लाख बहत्तर हजार नौ सौ रुपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.07.2026 को 12.30 तक। **5. वेब साइट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

म.सं. एवं दू.सं. अभि./पूर्व मध्य रेल, पं. दीनदयाल उपाध्याय

पीआर/0440/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/26–27/28


# यक्षिणी माई साईं संस्थान समिति गठन पर बढ़ा विवाद

### स्थानीय पुजारियों ने जताई आपत्ति, नई कमेटी का मंदिर से कोई संबंध नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज रोहतास)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा यक्षिणी माई साईं संस्थान समिति के गठन के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय पुजारियों और ग्रामीणों ने नई कमेटी पर सवाल उठाते हुए इसे मंदिर से असंबंधित बताया है। स्थानीय पुजारी हरेंद्र पंडित ने कहा कि वर्तमान में धर्म न्यास बोर्ड की तरफ से जो कमेटी बनाई गई है, उसका यक्षिणीभवानी माता से कोई लेना-देना नहीं है। काशीनाथ पंडित ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा षड्यंत्र कर भ्रम फैलाया जा रहा है जो निंदनीय है। हरिवंश पंडित ने कहा कि मां यक्षिणी भवानी मंदिर में भलुनी, बरढ़िहां और खरीका के ब्राह्मण ही पूजा-पाठ करते हैं। इसके अलावा आज तक किसी की दखलअंदाजी नहीं हुई है। देव वंश पंडित ने बताया कि साईं मंदिर की कमेटी रजिस्टर्ड है जिसका यक्षिणी भवानी मंदिर से कोई संबंध नहीं है। लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। इससे पहले ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने आरोप लगाया था कि मंदिर के जीर्णोद्धार और व्यवस्था में वर्षों से लगे पुराने सेवकों को नई समिति में जगह नहीं दी गई है। ग्रामीणों ने धार्मिक न्यास बोर्ड से फैसले पर पुनर्विचार कर पुराने सेवकों को समिति में शामिल करने की मांग की है। दिनारा विधायक आलोक सिंह ने भी मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की आपत्ति जायज है। उन्होंने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर स्थानीय कमेटी गठित करने की पहल की जानकारी दी। धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणवीर नंदन से भी इस संबंध में बात की गई है जबकि दिनारा प्रखंड से सात किलोमीटर पूरब स्थित यक्षिणी भवानी धाम अति प्राचीन और प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। इसका उल्लेख श्रीमद देवी भागवत, मार्कंडेय पुराण और वाल्मीकि रामायण में भी मिलता है। इस मंदिर में भगवान ने भी पूजा अर्चना किया था।

## शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए डीएम ने वाटर कूलर का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गर्मी को देखते हुए आमजनों एवं कर्मियों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को रोहतास समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि उद्योग विभाग के महाप्रबंधक डालमिया सीमेंट उद्योग के सहयोग से इस वाटर कूलर को लगाया गया है जिससे समाहरणालय आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

# देशी शराब के साथ कारोबारी धराया

**अकोढ़ीगोला (नबिटा सं.)।** दरिहट थाना क्षेत्र के चैनपुर भुइयां टोली से मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे पुलिस ने गुप्त सूचना पर पांच लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि चैनपुर गांव के भुईयां टोली से गुप्त सूचना मिली कि एक कारोबारी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल से पांच लीटर देशी शराब बरामद की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज चैनपुर गांव निवासी शत्रु सिंह के 24 वर्षीय पुत्र अमरेन्द्र कुमार है। वही पुलिस ने मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया है।

# बस-ट्रक की टक्कर, एक दर्जन महिला पुलिसकर्मी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज(रोहतास)।** संझौली थाना क्षेत्र में सोमवार को आरा-सासाराम पथ पर सुसाड़ी के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। बीएमपी की महिला पुलिस जवानों को ले जा रही बस को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही संझौली थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तुरंत संझौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सतीश कुमार ने बताया कि बस में टक्कर से घायल महिला जवानों का इलाज किया गया है। इनमें एक महिला जवान की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बाकी सभी घायल महिला पुलिसकर्मियों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने हादसे के बाद ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस पता लगा रही है कि टक्कर किस वजह से हुई, ट्रक चालक की लापरवाही थी या कोई और कारण। इस घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई थी।

# ग्रामीण मजदूरों-किसानों ने किया प्रदर्शन, रोजगार, आवास और किसान अधिकारों की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा तथा अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को झारखंडी मंदिर परिसर से मार्च निकालकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने रोजगार, आवास, राशन कार्ड, पेंशन, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा तथा किसानों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को उठाया। धरना को संबोधित करते हुए ऐक्टू के जिला सचिव अशोक सिंह ने ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और दलितों के सामने बढ़ती आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए रोजगार, सम्मानजनक मजदूरी और आवास सुरक्षा की मांग की। वहीं भाकपा-माले के जिला कमेटी सदस्य रामकिशन सिंह ने बटाईदार किसानों का पंजीकरण करने, पहचान पत्र जारी करने तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने वीबी-जी राम कानून के तहत पर्याप्त काम और उचित मजदूरी, बुलडोजर कार्रवाई पर रोक, राशन कार्ड व पेंशन से वंचित लोगों को लाभ देने तथा ग्रामीण गरीबों के शिक्षा-स्वास्थ्य अधिकारों को सुनिश्चित करने की मांग की। धरना को नेजामुद्दीन अंसारी, मंजू देवी और अजय पंडित समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UGEAC-2026 के आधार पर बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/04 Dated 23.06.2026**

विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2026/01 एवं 2026/02 दिनांक 09.05.2026 के क्रम में UGEAC-2026 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि JEE(Main)-2026 के All India Rank (AIR) तद्नुरूप UGEAC-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालयों / SGIDT, Patna एवं Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga (Under Lalit Narayan Mithila University, Darbhanga) के BE / B.Tech. पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु अभ्यर्थियों का Rank Card बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर दिनांक **23.06.2026** को उपलब्ध करा दिया गया है।

2. पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of UGEAC-2026" Link पर Click करने के बाद अपना UGEAC ID एवं जन्म तिथि डालकर Rank Card प्राप्त कर लें।

3. **Online Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के उक्त वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGEAC)-2026/03 दिनांक 23.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का अपने preference अनुसार Colleges / Branch का Choice भरें। Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 26.06.2026 से प्रारम्भ होगा।**

4. दो चक्रों की Online Seat Allotment / Document Verification / Admission उपरान्त अगर सीटें रिक्त रह जाती हैं तो **शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 की परीक्षा के आधार पर संयुक्त मेधासूची के PCM ग्रुप के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के आधार पर भरा जायेगा, जिसका विस्तृत कार्यक्रम यथासमय प्रकाशित किया जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक

# पूर्व मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**राजगीर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजगीर-सालेपुर-राजगीर मुख्य मार्ग सहित शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पुराने कार्यशैली के अनुरूप राजगीर के प्रमुख पर्यटन एवं विकास स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने स्वर्ण भंडार, राजगीर इंटरनेशन कन्वेंशन सेंटर तथा सर्किट हाउस समेत अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नीतीश कुमार ने अधिकारियों से कहा कि जो विकास कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि आम लोगों और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं के रखरखाव और उपयोगिता पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी निरीक्षण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। दौरे के दौरान जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई. सुनील कुमार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे। दौरे के अंतिम चरण में पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने राजगीर परिसदन में कुछ देर विश्राम किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

# नालंदा की नई जिलाधिकारी उदिता सिंह ने संभाला पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा की नवपदस्थापित जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मंगलवार को प्रशासनिक परंपरा और निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा से जिले का प्रभार विधिवत ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकासात्मक एवं जनहितकारी कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा संचालित सभी विकास योजनाओं और लोककल्याणकारी कार्यक्रमों को पूरी निरंतरता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।प्रभार ग्रहण के दौरान अपर समाहर्ता, प्रभारी उप विकास आयुक्त-सह-अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), जिला नजारत शाखा उपसमाहर्ता, जिला स्थापना शाखा उपसमाहर्ता, वरीय कोषागार पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नीट री-एग्जाम में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, नालंदा कनेक्शन से मचा हड़कंप

**बिहारशरीफ।** नीट यूजी 2026 री-एग्जाम में एक बार फिर बड़े सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ है। लखीसराय जिले के हसनपुर स्थित परीक्षा केंद्र पर मूल परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने पहुंचे एक मेडिकल छात्र को रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद पूरे मामले के तार नालंदा जिले से जुड़ गए हैं। पुलिस ने इस मामले में मेडिकल छात्र, मूल परीक्षार्थी, उसके भाई तथा बायोमैट्रिक सत्यापन टीम के छह कर्मियों समेत कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि असली अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने के लिए 30 से 40 लाख रुपये की डील हुई थी। रविवार को परीक्षा के दौरान मिली गुप्त सूचना पर केंद्राधीक्षक ने मजिस्ट्रेट और पुलिस को जानकारी दी। जांच में नालंदा के नगरनौसा निवासी परीक्षार्थी संजीत कुमार के स्थान पर परीक्षा दे रहे मधेपुरा निवासी मंतोष कुमार को पकड़ा गया। पूछताछ में मंतोष ने स्वीकार किया कि वह न्यू जलपाईगुड़ी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज का एमबीबीएस छात्र है और मोटी रकम के बदले परीक्षा देने आया था। उसकी निशानदेही पर मूल परीक्षार्थी संजीत कुमार और उसके भाई रंजीत कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच की आंच भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (पावापुरी मेडिकल कॉलेज) तक पहुंच गई है। पुलिस जांच के दौरान 2022 बैच के एमबीबीएस छात्र रविशंकर उर्फ सम्राट समेत तीन छात्र अनुपस्थित पाए गए। रविशंकर पिछले दो दिनों से लापता बताया जा रहा है और उसका मोबाइल भी बंद है। इधर, परीक्षार्थी संजीत और रंजीत के नगरनौसा स्थित खपुरा गांव में सन्नाटा पसरा है। दोनों एक शिक्षक परिवार से आते हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 एवं पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट 2024 के तहत मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। मुख्य सरगना और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### प्रवचन के दौरान आचार्य श्याम दास महाराज ने भगवान के चौबीस अवतारों का किया विस्तृत विवरण

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। वहीं बुधवार को अरनी मंथन से अग्निस्थापन की जाएगी। यज्ञ स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं एवं श्रद्धालुगण यज्ञ मण्डप के फेरे लगाने को उत्साहित हैं। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन (चित्रकूट धाम) से पधारे प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता आचार्य श्यामदास जी महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज की कथा में भगवान के चौबीस अवतारों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। कथा के माध्यम से बताया गया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म कमजोर पड़ने लगता है,तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर सृष्टि की रक्षा करते हैं तथा अपने भक्तों का कल्याण करते हैं। आचार्य श्यामदास जी महाराज ने कहा कि भगवान के विभिन्न अवतार मानवता को सत्य, धर्म, करुणा और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण किया तथा धर्म के मार्ग पर चलकर सद्कर्म करने का संकल्प लिया। यज्ञ परिसर में लगातार चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

### पीएनजी पाइपलाइन लीकेज से मची अफरा-तफरी

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ-राजगीर फोरलेन स्थित सिलाव बाईपास में सोमवार की देर शाम पीएनजी सप्लाई पाइपलाइन में लीकेज होने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गैस रिसाव की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब सात बजे फोरलेन किनारे स्थित एक होटल में नया गैस कनेक्शन जोड़ने का कार्य किया जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सिलाव थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने फोरलेन पर दोनों ओर से वाहनों का परिचालन तत्काल रोक दिया। किसी भी संभावित दुर्घटना या आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों और दमकल कर्मियों को भी घटनास्थल पर तैनात किया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गैस रिसाव की सूचना गोरमा स्थित मुख्य गैस जंक्शन को तुरंत दे दी गई थी, लेकिन करीब एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गैस कंपनी की तकनीकी टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

### भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमानजी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**कौआकोल।** प्रखंड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हनुमानजी के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में हुआ। गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम को लेकर सैकड़ों महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक कलश यात्रा में भाग लिया। अनुष्ठान का शुभारंभ वाराणसी से पधारे आचार्य चुनचुन पाण्डेय द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से किया गया। इसके उपरांत ठाकुरबाड़ी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जो सीधे गांव भ्रमण करते हुए महादेव मठ मंदिर पहुंची। पूरे यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा "जय श्री राम" और "बजरंगबली की जय" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि महोत्सव के दौरान 24 घंटे का अखंड रामधुनी कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा,जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहेगा। इस आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा जिला कार्यालय मेहनौर में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके प्रेरणादायक जीवन और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी देशभक्ति, राष्ट्रवाद और संगठन निर्माण के प्रतीक थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी देश और समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यक्रम अपने प्रेरणास्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद ही प्रारंभ होता है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की जनता ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करते हुए भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन देकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है।वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे और उनके राष्ट्रवाद के सिद्धांत आज भी करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके विचारों के अनुरूप देश में सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, जिला मंत्री अमरेश कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, कार्यालय सह मंत्री सुभाष सिंह, धनंजय कुमार, अनुग्रह नारायण, सोनू कुमार हिंदू, परवलपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तुंगी बाजार में चला प्रशासन का अभियान, वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया गया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)।** नवादा जिले के हिसुआ प्रखंड क्षेत्र स्थित तुंगी बाजार में मंगलवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे किए गए कब्जे को मुक्त कराया। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों द्वारा की गई शिकायतों और उच्च अधिकारियों को भेजे गए आवेदन के बाद की गई। जानकारी के अनुसार, एनएच-82 से अवन-हिसुआ जाने वाली सड़क पर कथित अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क की भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले को लेकर एक स्थानीय निवासी ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव बिहार सरकार तथा जिला समाहर्ता नवादा को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद मंगलवार को हिसुआ के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पथ निर्माण विभाग के अभियंता मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण को चिन्हित कर उसे हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। अधिकारियों की मौजूदगी में सड़क की भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर लगभग 30 वर्षों से सतीश सिंह का कब्जा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, लंबे समय से इस अतिक्रमण को हटाने की मांग की जा रही थी, लेकिन किसी कारणवश कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। प्रशासन की इस पहल से क्षेत्र के लोगों में संतोष देखा गया। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ने और यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत करते हुए सार्वजनिक भूमि और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने की मांग की है। अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कल्याण बिगहा इंडोर शूटिंग रेंज में 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हरनौत।** प्रखंड के कल्याण बिगहा स्थित इंडोर शूटिंग रेंज में 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ हो गया। बिहार स्टेट राइफल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 23 से 25 जून तक चलेगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए 650 से अधिक निशानेबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शूटिंग रेंज के प्रशिक्षक कौशल नौगरैया ने बताया कि प्रतियोगिता में पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मुंगेर, आरा, नालंदा, नवादा, सिवान, जहानाबाद और लखीसराय समेत कई जिलों के क्लबों एवं शूटिंग अकादमियों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में नेशनल रूल तथा इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन के तहत विभिन्न वर्गों की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। एनआर इवेंट में पुरुष, महिला, जूनियर, यूथ, सब-यूथ और मास्टर वर्ग शामिल हैं, जबकि आईएसएसएफ इवेंट में सब-यूथ, जूनियर, यूथ तथा सीनियर महिला-पुरुष वर्ग के खिलाड़ी निशाना साधेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की टीम भी तैनात की गई है। रंजन कुमार सिंह, बिपुल पाल और मनीष सहित कई तकनीकी पदाधिकारी प्रतियोगिता की निगरानी कर रहे हैं।कौशल नौगरैया ने बताया कि वर्ष 2025 में इसी रेंज में आयोजित चैंपियनशिप में करीब 450 निशानेबाजों ने भाग लिया था, जबकि इस बार प्रतिभागियों की संख्या बढ़कर 650 से अधिक हो गई है। यह राज्य में निशानेबाजी खेल के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रतियोगिता का समापन एवं मेडल वितरण समारोह 25 जून को शाम तीन बजे आयोजित होगा। चयनित खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शूटिंग रेंज प्रभारी उमेश पासवान ने खेल प्रेमियों से प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# समाहरणालय पहुंचने के पूर्व आक्रोश मार्च को रोका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** राजगीर के झुनकिया बाबा मंदिर परिसर में कथित मॉब लिंचिंग के शिकार हुए पिंटू पासवान और श्रवण पासवान को न्याय दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को बिहारशरीफ में विशाल आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में पासवान समाज के लोगों के अलावा विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे और शहर के प्रमुख मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।आक्रोश मार्च श्रम कल्याण केंद्र मैदान से शुरू होकर कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ रहा था। मार्च में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के कारण पूरे मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई थी। प्रदर्शनकारियों का उद्देश्य समाहरणालय पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपना था, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन ने मार्च को समाहरणालय से लगभग आधा किलोमीटर पहले ही रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस अधिकारियों के बीच काफी देर तक बहस और नोकझोंक होती रही। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। बाद में सहमति बनने पर 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को जिला प्रशासन से मिलने की अनुमति दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

# श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कर शहादत पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना, जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शशि भूषण 'बब्लू' उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं अखंड भारत के सच्चे उपासक थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे" का उनका उद्घोष आज भी राष्ट्रवाद की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देशवासियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय राजनीति के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। उनके विचार और सिद्धांत आज भी भारतीय जनता पार्टी के लिए मार्गदर्शक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश डॉ. मुखर्जी के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे। अनिल मेहता ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नविन के निर्देशानुसार श्यामा प्रसाद मुख़र्जी संस्मरण पक्ष का आयोजन 23जून 2026 से 6 जुलाई 2026 तक किया जायेगा जिसमे जिला स्तर पर टीम गठन किया गया टीम मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, उपाध्याक्ष मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु को शामिल किया गया है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश वर्मा, विजय पाण्डेय, जितेंद्र बब्लु महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा,अरविन्द गुप्ता,उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, मंत्री शिव यादव,कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, सह कोषाध्यक्ष तरुण राजवंशी, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मनीष सिन्हा, सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, आईटीआई सेल संयोजक संदीप कुमार, संजीव कुमार, राहुल चंद्रवंशी कई अन्य उपस्थित हुए।

# निःशुल्क न्यूरोथैरेपी शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** डॉ. लाजपत राय मेहरा जी के जन्मदिवस के अवसर पर द देवा आर एंड डी फाउंडेशन द्वारा लाजपत राय मेहरा वाणी न्यूरोथैरेपी ट्रीटमेंट एंड ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से होटल द सेलिब्रेशन, नवादा में निःशुल्क न्यूरोथैरेपी उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नवादा नगर सहित दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों ने भाग लेकर उपचार का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी* ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्यूरोथैरेपी एक लाभकारी उपचार पद्धति है और उनके परिवार के सदस्यों ने भी इसका लाभ प्राप्त किया है। उन्होंने नवादावासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर निःशुल्क उपचार सुविधा का लाभ लेने की अपील की। फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय साव ने अपने संबोधन में बताया कि उन्हें अपने सहयोगियों के माध्यम से न्यूरोथैरेपी के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्होंने स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों का उपचार कराया, जिससे सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच पूर्व प्रत्याशी इंद्रदेव कुशवाहा का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग दो माह पूर्व उनकी बोलने की क्षमता काफी प्रभावित हो गई थी, लेकिन नियमित न्यूरोथैरेपी उपचार के बाद आज वे स्पष्ट रूप से संवाद करने में सक्षम हैं। वहीं न्यूरोथैरेपिस्ट डॉ. दिवाकरने न्यूरोथैरेपी के विभिन्न लाभों तथा अनेक मरीजों के सफल उपचार के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित मुरारी, भदानी, मनोहर पासवान, जयशंकर चंद्रवंशी, विनोद कुमार, मन्नू प्रसाद, उदय नारायण, श्रवण, अरुण , राजेश कुमार मुरारी एवं सौरभ मोदगल सहित कई लोगों ने भी उपचार से प्राप्त लाभों के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

शिविर के दौरान डॉ. दिवाकर एवं उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया। आयोजकों ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए यह निःशुल्क न्यूरोथैरेपी शिविर आगामी कई दिनों तक होटल द सेलिब्रेशन के हॉल में जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# जिले के सभी प्रखंडों में जीविका दीदियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा ।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित "नशा मुक्त भारत सप्ताह" के अवसर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले भर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में जीविका के संकुल स्तरीय संघों (सीएलएफ) एवं ग्राम संगठनों (वीओ) के माध्यम से नशामुक्ति शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, जनसंवाद, हस्ताक्षर अभियान तथा सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में जीविका दीदियों एवं ग्रामीण समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मादक पदार्थों के सेवन एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध एकजुट होकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर इसके नकारात्मक प्रभावों तथा युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त समाज का निर्माण सामूहिक सहभागिता एवं जनजागरूकता से ही संभव है। साथ ही सभी प्रतिभागियों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे नशीले पदार्थों के सेवन से स्वयं दूर रहें तथा समाज में नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। "नशा मुक्त भारत अभियान : विकसित भारत की पहचान" थीम के अनुरूप जिले में नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने किया मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील मामलों की सुनवाई की। द्वितीय अपील के तहत कुल चार परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से तीन मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपील वादों में प्रतिभा देवी द्वारा पशु शेड योजना का लाभ/राशि नहीं मिलने, अरविन्द कुमार द्वारा बीज वितरण में अनियमितता बरते जाने तथा सुमित कुमार द्वारा पम्प मोटर ऑपरेटर का मानदेय भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराए जाने के उपरांत आज इन शिकायतों की सुनवाई की गई। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत प्राप्त शिकायतों की सुनवाई कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। शिकायतों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को सुनकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज कराने एवं उसके निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। आदेश से असंतुष्ट होने की स्थिति में निःशुल्क अपील दायर करने का भी प्रावधान है। अब शिकायतों का निवारण और भी सरल एवं सुलभ हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

# दुकानदार से मारपीट, सात-आठ हजार रुपये छीनने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हिलसा।** नगर परिषद क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक मसाला दुकान में घुसकर एक युवक द्वारा दुकानदार के साथ मारपीट और नकदी छीनने का मामला सामने आया है। घायल दुकानदार अमित कुमार, पिता अनिल ठाकुर, निवासी चदैत गांव का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित के अनुसार, पड़ोस के एक दुकानदार का पुत्र कई महीनों से रंगदारी की मांग कर रहा था। सोमवार को वह दुकान में घुसा और मारपीट करते हुए करीब सात से आठ हजार रुपये छीन लिए। शोर सुनकर स्थानीय लोग जुट गए। घटना की सूचना हिलसा थाना को दे दी गई है। पीड़ित ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी के पिता ने भी पुत्र के व्यवहार पर चिंता जताई है।

# गया जंक्शन पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण, गुणवत्ता और सुरक्षा पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय से पहुंचे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) राजीव गुप्ता ने गया जंक्शन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान राजीव गुप्ता ने मुख्य स्टेशन भवन, यात्री प्रतीक्षालय, विभिन्न प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित यात्रियों की सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा परियोजना से जुड़े तकनीकी और परिचालन पहलुओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर डीडीयू रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना, निर्माण, इंजीनियरिंग एवं अन्य संबंधित विभागों के शाखाधिकारी, रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के अभियंता हरि गोविंद राय, रेल कंस्ट्रक्शन कंपनी के महाप्रबंधक बीके सिंह तथा परियोजना प्रबंधक संजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में पुनर्विकास परियोजना की प्रगति, लंबित कार्यों और आगामी चरणों की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्माण कार्यों के दौरान रेलवे परिचालन प्रभावित नहीं होने तथा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। राजीव गुप्ता ने कहा कि गया जंक्शन पूर्व मध्य रेल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री आते-जाते हैं। इसलिए पुनर्विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्लेटफार्म संख्या एक, एक-ए और एक-बी के लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा। निरीक्षण के बाद मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने गया जंक्शन स्थित रेल अनुमंडल अस्पताल और रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं, रखरखाव व्यवस्था और आवश्यक सुधार कार्यों की समीक्षा की।

## नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के मंझियावां पंचायत के एक गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा आरोपी फरार है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## डॉ. जगन्नाथ मिश्र की जयंती पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, प्रखर वक्ता और लोकप्रिय राजनेता डॉ. जगन्नाथ मिश्र की जयंती पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. जगन्नाथ मिश्र ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1966 में बिहार विश्वविद्यालय के सिंडिकेट और सीनेट के सदस्य के रूप में की थी। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्र का कार्यकाल राज्य के आर्थिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग वेतनमान लागू कराया जिससे उच्च शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा मिली। इसके अलावा उनके प्रयासों से कई नए विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई जिससे राज्य में शिक्षा का विस्तार संभव हो सका। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डॉ. जगन्नाथ मिश्र की दूरदर्शी सोच और समाज के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान तथा बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान जैसी संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मिश्र का व्यक्तित्व और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को जनसेवा, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में प्रेरित करता रहेगा।

# मुहर्रम जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध, सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को वजीरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए कैंप डीएसपी सुनील कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि मुहर्रम जुलूस में डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर साइबर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि मुहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिया जुलूसों के मार्गों को सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए विद्युत विभाग को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि जुलूस मार्गों पर किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों तथा संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्णय लिया गया है जिससे आवागमन सुचारू बना रहे और किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## जेडीयू के कोंच प्रखंड अध्यक्ष बने हरेंद्र दांगी, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** जनता दल यूनाइटेड के संगठनात्मक विस्तार के तहत कोंच प्रखंड के लिए हरेंद्र दांगी को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। हरेंद्र दांगी प्रखंड क्षेत्र की चबूरा पंचायत अंतर्गत बरई गांव के निवासी हैं तथा वर्तमान में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई है। इस अवसर पर हरेंद्र दांगी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, जिला बीस सूत्री सदस्य अरविंद वर्मा सहित पार्टी के प्रति आभार जताया है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** महान शिक्षाविद, राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। जम्मू-कश्मीर में 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान' की व्यवस्था के विरोध में उन्होंने ऐतिहासिक आंदोलन चलाया और इसी संघर्ष के दौरान उनका बलिदान हुआ। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़कर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि महान शिक्षाविद, दूरदर्शी विचारक और राष्ट्रभक्त भी थे। उनके विचार और आदर्श आज भी करोड़ों देशवासियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, राणा रणजीत सिंह, गोपाल प्रसाद यादव, दीपक पांडेय, डॉ. अशोक, सुनील मिश्रा सहित अनेक भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## महिला ने आईजी विकास वैभव से लगाई सुरक्षा की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली सरिता देवी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए मगध रेंज के आईजी विकास वैभव को आवेदन देकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। सरिता देवी का आरोप है कि धनबाद से जुड़े एक कोयला गैंगस्टर और उसके सहयोगियों द्वारा उनके परिवार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है तथा उनके पति को जान से मरवाने की धमकियां दी जा रही है। गड़ेरिया-रानीगंज निवासी सरिता देवी सोमवार को आईजी कार्यालय पहुंचीं और लिखित आवेदन सौंपते हुए कहा कि उनका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो उनके पति के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। महिला के अनुसार उनके पति कई वर्षों तक कोयला व्यवसाय में एजेंट के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसी दौरान कुछ लोगों के साथ व्यावसायिक संबंध बने, जो बाद में विवाद का कारण बन गए। उनका आरोप है कि कुछ लोग लगातार दबाव बना रहे हैं और कथित रूप से रंगदारी की मांग भी कर रहे हैं। सरिता देवी ने कहा कि यदि कोई आर्थिक या व्यावसायिक विवाद है तो उसका समाधान कानून और न्यायालय के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे पूरा परिवार भयभीत है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में आईजी विकास वैभव ने बताया कि महिला द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। मामले की बारीकी से जांच के आदेश दिए गए हैं और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एनकाउंटर मामले को लेकर शेरघाटी में कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शेरघाटी।** भरत भूषण तिवारी के कथित एनकाउंटर मामले को लेकर मंगलवार की शाम शेरघाटी शहर में लोगों का आक्रोश देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के आह्वान पर सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर घटना का विरोध जताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

कैंडल मार्च की शुरुआत शहर के जेपी चौक से हुई जहां बड़ी संख्या में लोग हाथों में मोमबत्तियां लेकर एकत्र हुए। इसके बाद मार्च गोला बाजार होते हुए थाना मोड़ तक पहुंचा। इस दौरान लोगों ने भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए न्याय की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने 'भरत भूषण तिवारी अमर रहें' के नारे लगाए और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। लोगों का कहना था कि घटना की सच्चाई सामने आनी चाहिए और जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। संयुक्त ब्राह्मण मंच के अध्यक्ष अवधेश पाठक और सचिव दीनानाथ पांडे ने कहा कि न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए निष्पक्ष जांच जरूरी है। वहीं कांग्रेस नेता अजीत सिंह ने भी मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। कैंडल मार्च में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। मौके पर चंदन कुमार मिश्रा,अजीत तिवारी, मनोज त्रिपाठी, शशि भूषण मिश्रा, मुरली तिवारी, अचल द्विवेदी, मुकेश पाठक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गया से नई ट्रेनों की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को भेजा गया मांगपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** ग्रैंड कॉर्ड पैसेंजर्स एसोसिएशन, गया के अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांगपत्र भेजकर गया जंक्शन और आसपास के क्षेत्रों में रेल सुविधाओं के विस्तार तथा नई रेल सेवाओं के संचालन की मांग की है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को उनके नेतृत्व में 12 वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा करने पर बधाई भी दी है। मांगपत्र में कहा गया है कि गया अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धार्मिक और पर्यटन स्थल है। बोधगया, विष्णुपद मंदिर और पितृपक्ष मेला के कारण यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। गया रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य नवंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है और इसके उद्घाटन की भी अपेक्षा जताई गई है।

एसोसिएशन ने गया-मुंबई के बीच नई दैनिक ट्रेन चलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया है। इसके अलावा अहमदाबाद, सूरत, पुणे, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और एर्नाकुलम के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने तथा गया में अतिरिक्त वाशिंग पिट के निर्माण की मांग की गई है। मांगपत्र में 12259/12260 दुरंतो एक्सप्रेस का गया जंक्शन पर ठहराव देने और गया-लखनऊ एकात्मा एक्सप्रेस (14259/14260/14261/14262) को सप्ताह में तीन दिन के बजाय प्रतिदिन चलाने का अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन का कहना है कि इस मार्ग पर यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। इसके अलावा गया-किऊल रेलखंड पर नई लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन शुरू करने, गया-कामाख्या एक्सप्रेस को साप्ताहिक से दैनिक तथा गया-चेन्नई एक्सप्रेस की आवृत्ति बढ़ाने की मांग भी की गई है। एसोसिएशन ने कहा है कि इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने से गया, औरंगाबाद, सासाराम, डिहरी, कैमूर, नवादा, जहानाबाद और चतरा सहित करोड़ों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## गुरुआ बीडीओ सद्दाम हुसैन बने डीएसपी, स्वच्छताकर्मियों ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सद्दाम हुसैन के बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होने के बाद उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में गुरुआ स्वच्छता विभाग के स्वच्छता प्रबंधक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने उन्हें गुलदस्ता एवं मिठाई खिलाकर कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कर्मियों ने श्री हुसैन के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रखंड में कई विकासात्मक एवं जनहितकारी कार्यों को गति मिली। सभी ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे पूरे गुरुआ प्रखंड के लिए गौरव का विषय बताया। सम्मान समारोह में प्रखंड समन्वयक आशुतोष कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक कौशल पांडेय, संजू प्रसाद, भोला पासवान, सूर्यकांत पासवान, महेश कुमार, सुरेश चौधरी, अनुज सिंह, सुनील कुमार, उदय कुमार, सुधीर कुमार, मनीष कुमार एवं सूचिका कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने सद्दाम हुसैन को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गया जंक्शन पर टीटीई और आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा चला विशेष जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा, अनुशासन और नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गया जंक्शन पर मंगलवार को विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। रेलवे के जन विश्वास अधिनियम-2026 के तहत लागू रेलवे के नए नियमों की जानकारी यात्रियों तक पहुंचाने के लिए आरपीएफ और टिकट चेकिंग विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। गया जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों तथा ट्रेनों में यात्रियों को नए नियमों, दंडात्मक प्रावधानों और यात्रा संबंधी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। अभियान के दौरान यात्रियों को यह भी समझाया जा रहा है कि रेलवे नियमों का उल्लंघन करने पर अब पहले की अपेक्षा अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार के निर्देश पर तथा डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव, सीआईबी इंस्पेक्टर चंदन कुमार तथा सीआईटी (प्रशासन) आर.आर. सिन्हा की सक्रिय भागीदारी रही। अधिकारियों ने यात्रियों से नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की अपील की। अभियान के तहत रेलवे कर्मी यात्रियों को विशेष नियमों से अवगत करा रहे है तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता के माध्यम से नियमों के उल्लंघन की घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। नए प्रावधानों के अनुसार महिला कोच में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले यात्रियों पर अब 2500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं बिना टिकट यात्रा करने वालों पर 500 रुपये का पेनाल्टी, रेलवे परिसर में अव्यवस्था फैलाने अथवा ज्वलनशील एवं प्रतिबंधित सामान लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब आरपीएफ को भी निर्धारित मामलों में जुर्माने की राशि वसूलने का अधिकार दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था से नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी और यात्रियों की सुरक्षा तथा सुविधा को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित, जिम्मेदार तथा सुगम रेल यात्रा में सहयोग करें।

## बेलागंज में जानलेवा हमला व लूटपाट मामले में मुख्य आरोपित बिपिन बिहारी गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** सोनपुर गांव में एक परिवार पर हुए जानलेवा हमले और लूटपाट के मामले में बेलागंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त बिपिन बिहारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेलागंज थाना प्रभारी सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी बिपिन बिहारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि इस हिंसक वारदात में शामिल अन्य सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि बीते 24 मई को सोनपुर गांव में प्रमोद कुमार अपने दरवाजे पर बैठे थे, तभी गांव के ही करीब 16 नामजद लोग लाठी-डंडा, लोहे की रॉड, खन्ती, हथौड़ा और पिस्तौल से लैस होकर उनके घर में घुस गए थे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए प्रमोद कुमार के सिर पर हथौड़े से वार कर दिया था। बीच-बचाव करने आए उनके भाई विनोद कुमार और भतीजे प्रिंस कुमार को भी खन्ती और लोहे की रॉड से मारकर लहूलुहान कर दिया गया था। इस दौरान पीड़ितों से 70,000 लूटने का भी आरोप लगा था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी बिपिन बिहारी को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

# डंपिंग जोन में कचरे का ढेर सड़क तक फैला, राहगीरों को परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** नगर परिषद टिकारी द्वारा क्षेत्र के कुसाप ग्राम के समीप बनाए गए डंपिंग जोन की स्थिति दिनोंदिन चिंताजनक होती जा रही है। डंपिंग जोन में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कचरे का ढेर सड़क तक फैल गया है जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर से प्रतिदिन लाया जाने वाला कचरा निर्धारित क्षेत्र में समुचित ढंग से नहीं रखा जा रहा है। इसके कारण सड़क किनारे कचरे का अंबार लग गया है। सड़क पर फैले कचरे से दुर्गंध फैलने के साथ-साथ दुर्घटना व जानवरों के हमला की आशंका भी बनी रहती है। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है जिससे आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने का खतरा बढ़ जाएगा। पूर्व मुखिया सहित अन्य लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से डंपिंग जोन की व्यवस्था को दुरुस्त करने, नियमित कचरा निस्तारण कराने तथा सड़क पर फैले कचरे को तत्काल हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह क्षेत्र स्वच्छता व स्वास्थ्य दोनों दृष्टिकोण से गंभीर संकट का कारण बन सकता है। वहीं मामले को लेकर नप के प्रभारी सफाई निरीक्षक नारायण सिंह ने बताया कि तत्काल सभी चालकों को चेतावनी दी गई है व कचरा सड़क से हटाने को लेकर निर्देशित किया गया। डंपिंग जोन के लिए रास्ता बनाया जा चुका है। उसी रास्ते से कचरा डंप किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज
**Email:** esedaltonganj@yahoo.in

**आम सूचना**

आम जनता/ उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज अंतर्गत "जन समस्या निवारण केन्द" प्रारम्भ हो गया है। बिजली से जुड़े हुए कोई भी समस्या यथा विद्युत आपूर्ति बाधित/फयूज कॉल/ जले हुए ट्रांसफार्मर की बदली/ बिजली बिल नहीं मिलने संबंधित मामले इत्यादि जैसी अपनी सभी समस्या को मोबाईल संख्या **9241365700** पर सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल/व्हाट्सएप के द्वारा सूचित कर सकते है। प्राप्त समस्या का निराकरण यथाशीध्र की जाएगी।

इसके अतिरिक्तः–

1. डालटनगंज शहर के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **9905606162** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. छतरपुर क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **8292605300** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
3. लातेहार क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या **8757710488** पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

**स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।**

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति अंचल, डालटनगंज

**PR 383061 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27)D**

संपादकीय

# भारत की घटती विदेशी मुद्रा

उधर ईरान अमेरिका के बीच शांति समझौता अभी भी हिचकोले खा रहा है, इधर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार गिरावट जारी है। साथ में सोने का भंडार भी घटता जा रहा है। इसका मुख्य कारण विदेशी निवेशकों का मुंह फेरना हमारा घटता निर्यात तथा बढ़ता आयात है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह गंभीर चेतावनी है। हालांकि भारत का एफसीए बढ़ा है। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 12 जून को समाप्त हुए सप्ताह में 9.985 अरब डॉलर घटकर 671.625 अरब डॉलर रह गया। इसकी बड़ी वजह सोने के भंडार में तेज़ गिरावट रही। इससे पहले पिछले सप्ताह कुल विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर से घटकर 681.610 अरब डॉलर पर आ गया था। 12 जून को ख़त्म हुए सप्ताह में फॉरन करेंसी एसेट्स यानी एफ़सीए, जो कुल रिज़र्व का सबसे बड़ा हिस्सा है, 84.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 544.290 अरब डॉलर हो गया।

जबकि सोने का भंडार 10.754 अरब डॉलर घटकर 103.821 अरब डॉलर का रह गया है। आरबीआई के मुताबिक, स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स यानी एसडीआर 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.699 अरब डॉलर रह गए। इसका असर आईएमएफ में भारत की रिजर्व पोजीशन भी 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.815 अरब डॉलर पर आ गई। घटते विदेशी मुद्रा को थामने के लिए हाल में सरकार ने कई कदम उठाए हैं, लेकिन उसका कुछ खास असर होता नहीं दिख रहा है। मसलन विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने के लिए ही पिछले महीने मोदी सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ा दिया था। भारत ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। वहीं प्लैटिनम पर शुल्क 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया था। इस क़दम का लक्ष्य विदेशी मुद्रा की बचत करना और कच्चे तेल, उर्वरक के साथ महत्वपूर्ण तकनीकों जैसे ज़रूरी आयात को प्राथमिकता देना था। ख़ासकर ऐसे समय में जब वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स में भारी अस्थिरता बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब चेतावनी दी थी कि मध्य-पूर्व संकट भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा रहा है। कच्चे तेल का बड़ा आयातक होने के कारण भारत ऊंची तेल और गैस क़ीमतों से प्रभावित होता है। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा था कि भारत को मज़बूत स्थिति में आने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार को कम से कम एक ट्रिलियन डॉलर करने की ज़रूरत है। अभी भारत के पास 690 अरब डॉलर फॉरेक्स हैं। यानी एक ट्रिलियन डॉलर से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अभी 310 अरब डॉलर कम है। पात्रा के अनुसार एक ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य दो अहम सुरक्षा कवचों पर आधारित है। 'इनमें लगभग 350 अरब डॉलर एक वर्ष के भीतर चुकाए जाने वाले सभी विदेशी कर्ज़ों को कवर करने के लिए और बाक़ी 650 अरब डॉलर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के संभावित बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी से सुरक्षा के लिए ज़रूरी हैं। 'ऐसा इसलिए है क्योंकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेश की निकासी बड़े पैमाने पर और कई सालों तक जारी रहने वाली प्रक्रिया हो सकती है। 2022-23 के बाद भारत ने इस मुश्किल को झेला भी है। शुरुआती अनुमान बताते हैं कि इस तरह की सुरक्षा के लिए लगभग 600 अरब डॉलर से 650 अरब डॉलर की ज़रूरत पड़ सकती है।'' गौरतलब है कि भारत, चीन या जापान जैसे देश वस्तुओं का निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित करते हैं और फिर विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाते हैं। अमेरिकी डॉलर पूरी दुनिया में स्वीकार्य है, इसलिए अमेरिका को बड़े विदेशी मुद्रा भंडार बनाने की वैसी ज़रूरत नहीं पड़ती।

# क्या पेपर लीक माफिया को दंड मिलेगा?

**देश में नीट की परीक्षा के प्रश्न पत्र लगातार यह दूसरी वर्ष लीक हुए हैं। पिछले वर्ष भी लाखों परीक्षा देने वाले छात्रों की चीख पुकार हुई थी और देश के मीडिया में कई दिनों तक पेपर लीक के समाचार छाये रहे। एक कमेटी भी जांच के लिये बनाई गई थी, जिसके मुखिया इसरो के पुराने चौयरमेन थे याने वे एक सुशिक्षित वैज्ञानिक थे। यह कमेटी भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाई गई थी। उम्मीद थी कि इस कमेटी की रपट के आधार पर भारत सरकार और नीट परीक्षाओं को कराने वाली एजेंसियां कुछ सुधार करेगी परंतु कोई सुधार नहीं हुआ। यहां तक कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने भी 25 मई को सुनवाई करते हुये निराशा व्यक्त की और कहा कि एनटीए और नीट ने पिछली गलती से कुछ नहीं सीखा। हालांकि मेरा अनुभव सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के बारे में कुछ सुखद नहीं है। क्योंकि कोर्ट की टिप्पणियां तो आ जाती और मीडिया में छा जाती है, पर उनके बारे में कोर्ट खुद भी गंभीर नहीं रहता, तथा बोलता आदेश शीर्ष अदालतें जारी नहीं करती हैं। वे केवल उपदेश जैसे होते हैं जिनका प्रभाव अल्पकालिक और रात के सोने के पहले तक होता है। ऐसे जन महत्व की याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय लंबी-लंबी मार्ग दर्शिकायें अपने फैसले में देता है परंतु उनके क्रियान्वयन के लिये कौन सी ऐजेंसी जिम्मेवारी होगी, सरकार या उच्च अधिकारियों की क्या जिम्मेवारी होगी और क्रियान्वयन नहीं करने के लिये जिम्मेवार लोगों पर क्या कार्यवाही होगी, यह सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पत्रों में नहीं होता।**

**रघु ठाकुर**

आज तक अपनी स्थापना के बाद से सर्वोच्च न्यायालय ने इतने निर्देश जारी किये हैं यदि उन्हें संकलित किया जाए तो सैकड़ों पेज की पुस्तक बन सकती है। मेरी जानकारी में नहीं है कि अपने निर्देशों के उल्लंघन के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने किसी जिम्मेवार को दंडित किया हो। अगर बहुत हुआ तो राज्यों के मुख्य सचिवों या केंद्र के सचिवों को व्यक्तिगत तौर पर तलब किया जाता है। वे आते हैं, अपनी सफाई देते हैं व खेद व्यक्त कर चले जाते हैं। अब तो स्थिति यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश तो दूर उनके निर्णयों को भी आमजन गंभीरता से नहीं लेते हैं और टिप्पणियों पर तो मजाक करते ही हैं। न्यायपालिका की गिरती हुई साख भी गंभीर चिंता का विषय है।

एनटीए और अन्य परीक्षायें कराने वाली एजेंसियां अब केवल व्यापारिक और मुनाफे की संस्थायें बन गई और परिक्षायें कराना एक अच्छा मुनाफे का धंधा हो गया। मीडिया की कुछ खबरों के अनुसार इस साल की नीट की परीक्षा में जो 22 लाख बच्चे बैठे थे, उनसे लगभग 2000 करोड़ की परीक्षा की फीस प्राप्त हुई और मीडिया के एक हिस्से के मोटे अनुमान के अनुसार लगभग 500 करोड़ का मुनाफा एनटीए ने कमाया है। जिन 22 लाख बच्चों को दोबारा परीक्षा देना पड़ेगी उनकी मानसिक पीड़ा की कल्पना करना कठिन है। इन छात्रों के लिये यह परीक्षायें जीवन मरण का प्रश्न होती है। माह-दर-माह सालों वह अपने निजी जीवन को भूलकर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। अपने सुंदर भविष्य के लिये देख रहे, सपनों को क्रियान्वित करने के लिये, अपनी जी-जान लगा देते हैं। पर जब पेपर लीक होते है तथा इसके कारण परीक्षायें दोबारा होती हैं तो वह कितने आँसू बहाते हैं, यह महसूस करने का विषय है। मैंने सोचा था कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अपने रविवारीय मन की बात के कार्यक्रम में देश के 1 करोड़ छात्रों की पीड़ा पर कुछ कहेंगे। जैसे परीक्षाओं के पूर्व वह मन की बात में परीक्षा से भयभीत न हों, आदि-आदि




उपदेश देते रहे, परंतु उनकी ही सरकार के कार्यकाल में हुए इस कुकृत्य के बारे में तथा 17 छात्रों की आत्महत्या के बारे में उनकी जवान से एक शब्द भी नहीं निकला। जबकि देश के मीडिया में, देश के शिक्षामंत्री और पेपर लीक कांड की मुखिया एक महिला के कार्यक्रमों में साथ-साथ हिस्सेदारी करते हँसते-मुस्कुराते फोटो एक दिन नहीं बल्कि अनेक दिनों तक छाये रहे। देश तो यह उम्मीद कर रहा था कि शिक्षा मंत्री के साथ में पेपर लीक माफिया के सरगना की फोटो छपने के बाद प्रधानमंत्री शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करेंगे, जिम्मेवार ठहरायेंगे और यहां तक कि कुछ वरिष्ठजन यह उम्मीद कर रहे थे कि इतनी बड़ी घटना जिसने देश के 1 करोड़ से अधिक बच्चों को प्रभावित किया है, उनके 5 करोड़ परिजनों को आर्थिक तकलीफ और दुख के समुद्र में डुबोया है, शायद प्रधानमंत्री स्वतः भी अपनी जवाबदारी प्रधानमंत्री होने के नाते मानेंगे और त्याग पत्र दे या न दें परंतु कम से कम त्याग पत्र देने का नाटक जरूर करेंगे।

अक्सर देखने में आता है कि प्रधानमंत्री जी बड़ी-बड़ी गंभीर घटनाओं की जिम्मेवादी नहीं लेते हैं और न किसी मंत्री को जिम्मेवार ठहराते हैं बल्कि वे चुप रहकर इन गंभीर मुददों को पीछे कर देते हैं। आपरेशन सिंदूर के समय देश की एक वीरांगना शाफिया कुरैशी ने जिस साहस के साथ पाकिस्तानी फौज के ऊपर हमला किया वह अद्वितीय था परंतु इस महान वीरांगना के विरुद्ध प्रधानमंत्री जी की पार्टी के मप्र सूबे के एक मंत्री ने एक घटिया टिप्पणी की और सांप्रदायिक नजरिया फैलाया। सारे देश के मीडिया में इस घटना की प्रतिक्रिया हुई, मंत्री के खिलाफ देश में प्रतिक्रिया हुई, यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी मंत्री के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया परंतु लगभग 8 माह तक एफआईआर तो दूर मंत्री को हटाने की कोई कार्यवाही नहीं हुई। दिखाने के लिये एक दो मंत्री मंडल की बैठकों में वह नहीं गये थे, ऐसा दिखावा किया गया कि जैसे वे हटने वाले हों और समय निकला बात गई। मंत्री जी यथावत विराजमान हैं, सुप्रीम कोर्ट चालू है। प्रधानमंत्री जी के थोकमंद उपदेश चालू है और मंत्री जी जहाँ के तहाँ हैं। ऐसी घटनायें अन्य विभागों को लेकर भी हुई हैं। रेल मंत्रालय में बड़ी-बड़ी दुर्घटनायें हो गई, बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं में मौत के शिकार हुए परंतु प्रधानमंत्री जी के मन की बात में एक शब्द नहीं निकला और कुछ दिनों के बाद जब मीडिया छापते-छापते थक गया तो मामला दृष्टि ओझल हो गया। यह पेपर लीक कांड की घटना अकेले नीट परीक्षाओं की नहीं है बल्कि देश के कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं के मामले में भी यही हो रहा है। सीबीएससी की परीक्षा जिसमें लाखों छात्र बैठते हैं उसका भी यही हाल हो रहा है। बल्कि यह पहली बार नहीं बल्कि कई सालों से हो रहा है। इस वर्ष जब सीबीएससी की परीक्षा के बारे में आरोप आये तब सीबीएससी ने कापियों के पुर्नजांच के अवसर देने को कहा और कुल परीक्षाथियों में से 7 प्रतिशत ने पुर्नजांच की मांग की। इसका मतलब है कि जो परीक्षा का मूल्यांकन हुआ वह त्रुटिपूर्ण है। सीबीएससी ने पुर्न मूल्यांकन के लिये छात्रों को उनके उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कापी दी परंतु कितना हास्यास्पद है कि अनेक छात्रों ने जिन्होंने पुर्न मूल्यांकन के लिये आवेदन दिया था उन्होंने लिखकर दिया है कि इन कापियों की लिखाई उनकी नहीं है। याने एक और नया आपराधिक रैकेट और आरोप सामने आया है। यह भी पहली बार हुआ है कि सीबीएससी में बैठे हर चौथे विद्यार्थी याने ग्यारह लाख इक्कीस हजार कापियों में से 4 लाख छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिका की कापी मांगी। इसका मतलब साफ है कि छात्र उत्तर पुस्तिका के बारे में कहीं न कहीं सीबीएससी की परीक्षा प्रणाली से संतुष्ट नहीं हैं। 12वीं के छात्रों ने भी आरोप लगाया है कि आनलाइन मार्किंग सिस्टम में गड़बड़ी है। गड़बड़ी कितनी है यह तो भविष्य बतायेगा परंतु इतना तो तय है कि आज हर सरकारी परीक्षाओं के छात्र अपनी परीक्षा पद्धति से आशंकित हैं और उस पर शक करते हैं।

जो छात्र नीट की परीक्षा में बैठते हैं वे इस परीक्षा की तैयारी के लिये भारी पैसा खर्च करके आते हैं। सरकारी कॉलेजों की फीस तो औसतन 10 हजार से लेकर लाखों रुपये तक की होती है परंतु अधिकांश बच्चे प्राईवेट संस्थानों में कोचिंग करते हैं। वे 5 वर्षों में 1-1 करोड़ तक खर्च करते हैं और पेपर लीक करने वाले 20-20 लाख लेकर पेपर लीक करते हैं और करोड़ों रुपया कमा लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले समय बनाई गई कमेटी ने जो सुझाव दिये थे, वे महत्वपूर्ण थे तथा यूपीएससी परीक्षाओं के पैर्टन पर थे। यह महत्वपूर्ण है कि, यूपीएससी परीक्षाओं में भी विशेषतः प्रिलिम्स में लाखों बच्चे बैठते हैं परंतु कम से कम अभी तक पेपर लीक या परीक्षा को लेकर कोई शिकायत नहीं आई। यूपीएससी बिलाइंड कोडिंग करती है और जिससे परीक्षक को उम्मीदवार के बारे में कुछ पता नहीं होता। डिजीटिलाईजेशन वाले कामों को लगभग आईसोलेट रखा जाता है और प्रश्न पत्र बनाने की प्रक्रिया भी अलग प्रकार की होती है।

अध्यात्म

## उपहार का मूल्य

प्राचीन समय की बात है, एक घने जंगल में एक पहुंचे हुए महात्मा रहा करते थे। उनके कई शिष्यों में से तीन शिष्य उनके हृदय के बहुत करीब थे। उन तीनों में एक बात का बड़ा अंतर था कीर्तिमान और कार्तिकेय दो शिष्य अत्यंत निर्धन थे, जो भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन करते थे, जबकि तीसरा शिष्य समस एक बहुत बड़े नगर का प्रतिष्ठित और धनी व्यापारी था। एक बार गुरु जी ने अपनी कुटिया की मरम्मत और आश्रम में भंडारे के लिए कुछ सहायता मांगी। उन्होंने तीनों शिष्यों को बुलाया और अपनी इच्छा प्रकट की। अमीर शिष्य समस ने तुरंत अपनी रेशमी थैली निकाली और गुरु जी के चरणों में स्वर्ण मुद्राओं का ढेर लगा दिया। उसने गर्व से कहा, गुरुदेव, आप चिंता न करें। मेरे पास इतना धन है कि मैं अकेले ही इस पूरे आश्रम को महल जैसा बनवा सकता हूँ। गुरु जी मुस्कुराए, लेकिन कुछ बोले नहीं। दूसरी ओर, दोनों कीर्तिमान और कार्तिकेय उदास हो गए। उनके पास देने के लिए न स्वर्ण मुद्राएं थीं और न ही कीमती उपहार। वे गुरु जी को कुछ न दे पाने के दुःख में रात भर सो नहीं सके। अगले दिन, दोनों शिष्यों ने तय किया कि वे अपनी मेहनत से कुछ लेकर आएंगे। कीर्तिमान पूरे दिन जंगल में घूमकर सूखी लकड़ियाँ बीनता रहा ताकि आश्रम की रसोई चलती रहे। वहीं कार्तिकेय दूर पहाड़ों से शुद्ध झरनों का जल और कुछ जंगली फल चुनकर लाया। शाम को जब वे दोनों आश्रम लौटे, तो अमीर शिष्य उनका मज़ाक उड़ाने लगा। उसने कहा, गुरु जी को इन पत्थरों और लकड़ियों की क्या ज़रूरत? मैंने तो उन्हें सोने की मोहरें दी हैं। गुरु जी ने तीनों को बुलाया और कहा, आज मैं तुम तीनों के उपहारों का मूल्य बताऊंगा। उन्होंने अमीर शिष्य की स्वर्ण मुद्राओं को एक तरफ रखा और गरीब शिष्यों द्वारा लाई गई लकड़ियों और फलों को दूसरी तरफ। गुरु जी बोले, पुत्र समस, तुमने धन तो बहुत दिया, लेकिन उस धन के साथ तुम्हारा अहंकार भी आया है। तुमने यह सोचकर दान दिया कि तुम मुझ पर उपकार कर रहे हो। लेकिन इन दोनों ने अपनी सामर्थ्य से बढ़कर परिश्रम किया है। इनकी लकड़ियों में इनकी मेहनत का पसीना है और इन फलों में निस्वार्थ प्रेम। अचानक, अमीर शिष्य समस ने देखा कि उसकी स्वर्ण मुद्राएं मिट्टी जैसी बेजान लग रही थीं, जबकि गरीब शिष्यों के लाए हुए फल और जल से पूरी कुटिया महक रही थी। उसे अपनी गलती का एहसास हो गया। अहंकार दान को नष्ट कर देता है यदि दान देने के बाद मन में गर्व आ जाए, तो उस दान का पुण्य समाप्त हो जाता है।

# दूरदर्शी मोदीजी व कर्मठ सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में बढ़ता मध्यप्रदेश

**सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चलते नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन और अब नक्सलवाद से पूर्ण मुक्ति प्राप्त करना प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विकास के नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करती है। विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की निर्णायक भूमिका के तहत आज का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्रिय नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। जनकल्याण, सुशासन, कृषि, उद्योग, डिजिटल नवाचार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है।**

**सुरेश पचौरी**

भारत की राजनीति में विकास अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि सुशासन की कसौटी बन चुका है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी केन्द्रीय योजनाओं और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन ने प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है। आज मध्यप्रदेश विकास, सुशासन, नवाचार और जनभागीदारी का ऐसा मॉडल बनकर उभरा है, जिसकी चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

मध्यप्रदेश की उपलब्धियां केवल सरकारी रिपोर्टों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के करोड़ों नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की सशक्त कहानी भी हैं। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश अनेक केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 9 लाख से अधिक आवासों का निर्माण कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत 82 लाख से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचना ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन का उदाहरण है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 4 करोड़ 46 लाख से अधिक कार्ड वितरित कर और 71 लाख से अधिक नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराकर प्रदेश ने स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम स्वनिधि और पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया आधार प्रदान किया है। किसान क्रेडिट कार्ड 6 लाख 50 हजार पशुपालकों को उपलब्ध हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 52 लाख महिलाओं को लाभ मिला जो देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। कृषि क्षेत्र में नई ऊँचाइयों की ओरः मध्यप्रदेश की पहचान कृषि प्रधान राज्य के रूप में रही है, लेकिन आज यह कृषि नवाचार और उत्पादन क्षमता के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका में दिखाई देता है। प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन व गेहूं उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है, जबकि दलहन एवं तिलहन उत्पादन में प्रथम स्थान पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मक्का उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य होने के साथ-साथ गेहूं, चना, उड़द और मसूर उत्पादन में भी मध्यप्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल है। एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रकरण स्वीकृत कर प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 'एग्री स्टैक' परियोजना के तहत एक करोड़ से अधिक यूनिक फार्मर आईडी बनाकर मध्यप्रदेश भारत सरकार से शत-प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाला देश का एकमात्र राज्य बना है। यह उपलब्धि डिजिटल कृषि क्रांति की दिशा में डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की गंभीरता को दर्शाती है।

इसके साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिला है। जैसे मत्स्य पालन और पशुपालन के क्षेत्र में भी मध्यप्रदेश लगातार नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने का प्रभावी प्रयास है।



डिजिटल गवर्नेंस और सुशासन का मॉडलः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने प्रशासनिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। देश का पहला साइबर पंजीयन कार्यालय और सभी 55 जिलों में साइबर तहसील व्यवस्था लागू करना सुशासन की दिशा में क्रांतिकारी पहल मानी जा रही है। भारत नेट योजना के अंतर्गत 20,422 ग्राम पंचायतों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाकर प्रदेश ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश आज डिजिटल प्रशासन और तकनीक आधारित सेवा वितरण में अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।

निवेश, उद्योग और रोजगार का नया केंद्रः मध्यप्रदेश तेजी से निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। एक वर्ष में सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव आकर्षित करने वाला देश का तीसरा राज्य बनना इसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति का प्रमाण है। धार में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र का विकास तथा खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का संकेत है कि प्रदेश उद्योग और रोजगार सृजन के नए युग में प्रवेश कर चुका है। इसके साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को 'बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर' सम्मान प्राप्त होना उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं की स्वीकृति है। पर्यटकों के लिए अंतरराज्यीय हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने वाला यह देश का पहला राज्य है। स्वच्छता के क्षेत्र में भी प्रदेश ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है, जबकि भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चलते नशामुक्ति अभियान के प्रभावी संचालन और अब नक्सलवाद से पूर्ण मुक्ति प्राप्त करना प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि विकास के नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करती है। विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की निर्णायक भूमिका के तहत आज का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सक्रिय नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। जनकल्याण, सुशासन, कृषि, उद्योग, डिजिटल नवाचार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां यह प्रमाणित करती हैं कि मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। डबल इंजन की सरकार में यह केवल योजनाओं का सफल क्रियान्वयन नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, सरकार की प्रतिबद्धता और विकास की राजनीति का जीवंत उदाहरण है। मध्यप्रदेश आज उस विकसित भारत का प्रतिनिधि बनकर उभर रहा है, जो आत्मनिर्भर, समृद्ध, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप जो भी काम करेंगे, उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी।

**वृषभ**
आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन**
घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर सम्बन्धों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिये।

**कर्क**
महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुये कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**सिंह**
सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। दोस्तों के साथ व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें।

**कन्या**
परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा माहौल रहेगा। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों से धन-लाभ हो सकता है।

**तुला**
आपकी प्रतिभा लोगों के सामने आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक**
घर में मेहमानों का आगमन होगा। घर में सुकून और शान्ति का वातावरण रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में नजदीकियाँ बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव प्राप्त होगा।

**धनु**
किसी परिजन की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इसके कारण आपको आत्मिक प्रसन्नता होगी। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**मकर**
आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी सम्बन्ध और मधुर होंगे। बड़े-बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**कुंभ**
आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन-लाभ मिलेगा। नयी ऊर्जा के साथ अपने काम में लगेंगे। आध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें।

**मीन**
अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिये दिन शानदार है।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन विभाग का छापा, गोलमाल उजागर, प्राथमिकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी में चल रहे अवैध ईट भट्टे पर खनन विभाग के अधिकारी ने छापा मारा। इस दौरान गोलमाल का पदार्फाश हो गया जिसके बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बिना उचित अनुज्ञप्ति के कारोबार किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार पटना जिला केंद्र के खान निरीक्षक राजीव रंजन सिंह ने जेएमभी मार्को के ईट भट्टे की जांच पड़ताल की। ईट भट्ठा नालंदा जिले के हरनौत थाना अंतर्गत छतियाना गांव निवासी अर्जुन शर्मा के पुत्र राजमोहन का है। इस चिमनी भट्टे पर जांच के दौरान पाया गया कि वर्ष 2025 - 26 में संचालक के द्वारा विभाग से उचित लाइसेंस और स्वीकृति पत्र प्राप्त नहीं किया गया है। अधिकारी ने पाया कि जांच के दौरान भट्टे पर 10000 कच्चा ईट और पका हुआ डेढ़ लाख ईट पाया गया। भट्टे पर साइन बोर्ड भी नहीं था और 25 श्रमिक काम कर रहे थे। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की सहमति पत्र भी नहीं मिली। इस भट्टे की प्रति चक्र साढे तीन लाख ईट की क्षमता है। खान अधिनियम के उल्लंघन को लेकर प्रोपराइटर राजमोहन के विरुद्ध बेलछी थाने में केस दर्ज कराया गया है। केस को लेकर प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ईट भट्टे पर लाखों का कारोबार हो रहा था।

### बेलछी में लाखों के जेवरात चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुगल चक गांव में रीना देवी के घर में उस वक्त चोरी हो गई जब वह पड़ोसी के पुत्र के घर पर हल्दी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी ।अपराधियों ने इसी दौरान दरवाजा तोड़कर करीब 5 लाख रुपए के सोने के गहने और 15000 नगद की चोरी कर ली। थाने में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है।

### ई रिक्शा चार्ज करने पर 45 हजार जुर्माना

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खजुरार गांव में विद्युत विभाग ने टोका फंसा कर बिजली ऊर्जा चोरी कर ई रिक्शा चार्ज करने के आरोप में विकास कुमार पर केस दर्ज कराया है ।वहीं आरोपी पर 43 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है।

### फर्जी एनकाउंटर के विरोध में कैंडल मार्च

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भरत भूषण तिवारी के कथित फर्जी एनकाउंटर के विरोध में सोमवार की देर शाम पालीगंज नगर में कैंडल मार्च निकाला गया। प्रशांत शर्मा, गौतम राज, राज सिंह एवं सुमित सिंह के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कैंडल मार्च हाईस्कूल पालीगंज के खेल मैदान से शुरू होकर नगर बाजार के भ्रमण करते हुए पुनः निर्धारित स्थल पर पहुंचा। इस दौरान लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर नारेबाजी की तथा भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मार्च में शामिल लोगों ने कहा कि घटना की सच्चाई सामने लाई जाएदोषी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त कर फांसी की सजा दी जाए। भरत भूषण तिवारी को शहीद का दर्जा दीया जाय। न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



### फरार आरोपित चंदन पंडित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के धनौती गांव में नाली विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी चंदन पंडित को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि 17 जून 2026 को धनौती गांव में नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एक पक्ष से करशमंती देवी, पति लक्ष्मी पंडित ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई थी। वहीं दूसरे पक्ष से विभीषण पंडित, पिता रामप्रवेश पंडित की ओर से सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी मामले में फरार चल रहे चंदन पंडित, पिता दिनेश पंडित को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस का कहना है कि इस मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दानापुर के लाल हिमांशु कुमार ने बढ़ाया मान, 70वीं बीपीएससी में बने राजस्व पदाधिकारी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 70वीं बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के घोषित परिणामों में दानापुर के मेधावी युवा हिमांशु कुमार ने सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने राजस्व पदाधिकारी के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे दानापुर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हिमांशु की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह है। हिमांशु कुमार की इस शानदार कामयाबी के उपलक्ष्य में दानापुर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने हिमांशु को पुष्पमाला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित चर्चित समाजसेवी धीरज कुमार यादव ने हिमांशु के संघर्षों की सराहना करते हुए कहा, हिमांशु की सफलता दानापुर के युवाओं के लिए एक मिसाल है। कठिन परिश्रम और अटूट संकल्प हो, तो लक्ष्य को पाना असंभव नहीं है। पार्षद दिव्या राय ने हिमांशु को बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र की बेटियाँ और बेटे प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में सिकंदर यादव, मुकेश कुमार और शक्ति सिंह समेत अनेक प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया और हिमांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने सोमवार को चामूचक गांव में छापेमारी कर एक युवक को अवैध देसी कट्टा के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम धर्मेंद्र पासवान पिता बवन पासवान, चामूचक है। पुलिस हथियार के स्रोत और मकसद की जांच में जुटी है। युवक की निशानदेही पर कई जगहों पर छापेमारी जारी है।थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चामूचक गांव के एक घर में युवक ने अवैध देसी कट्टा छिपाकर रखा है। सूचना पर टीम गठित कर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान घर से छिपाकर रखा गया 01 देसी कट्टा बरामद हुआ। मौके से युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। अवैध देसी कट्टा घर में क्यों रखा था, इसका क्या प्रयोजन था और कहां से लाया गया था, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर कई अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।



### विक्षिप्त लड़की को पुलिस ने परिजनों से मिलाया,नालंदा में दर्ज थी गुमशुदगी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी पुलिस की तत्परता से एक विक्षिप्त लड़की को उसके परिजनों से मिलाया गया। लड़की सोमवार को पोठाही रेलवे स्टेशन के पास घूमती हुई मिली थी। गश्ती दल उसे थाने लाया और हिलसा थाना से संपर्क कर परिजनों को सौंप दिया।केवड़ा ओपी प्रभारी ने बताया कि 23 जून को गश्ती पार्टी पोठाही रेलवे स्टेशन के पास गश्त पर थी। तभी एक लड़की घूमती हुई दिखी। पूछताछ में वह ठीक से कुछ बता नहीं पा रही थी। उसे थाने लाकर पूछताछ की गई। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम पूजा कुमारी, पिता अनिल साव, निवासी काजीबाजार, थाना हिल्सा, जिला नालंदा बताया। इसके बाद केवड़ा ओपी ने हिल्सा थाना से संपर्क किया। पता चला कि आज ही हिल्सा थाना में इस लड़की की गुमशुदगी का केस दर्ज हुआ है। सूचना मिलते ही हिल्सा थाना की पुलिस केवड़ा ओपी पहुंची। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूजा कुमारी को सही-सलामत हिल्सा पुलिस के हवाले कर दिया गया। हिल्सा पुलिस उसे लेकर परिजनों के पास चली गई। केवड़ा ओपी प्रभारी ने कहा कि पुलिस आम लोगों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्पर है। गुमशुदा लोगों को परिजनों से मिलाना हमारी प्राथमिकता है।



# नाच देखने गए किशोर की हत्या, शिशम पेड़ के नीचे मिली लाश

**परिजनों का आरोप- पुरानी रंजिश में 8 लोगों ने दी थी धमकी, बोले थे 'तुम्हारे इकलौते बेटे को मार देंगे'**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर 16 वर्षीय किशोर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोमवार सुबह खेत की ओर शौच के लिए गए पिता को बेटे का शव शिशम के पेड़ के नीचे पड़ा मिला। मृतक के पिता ने गांव दिनेश कुमार पिता देवी दयाल सिह ने गांव के ही 8 लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता दिनेश कुमार ने मसौढ़ी थाने में दिए बयान में बताया कि 22 जून की शाम करीब 7:30 बजे उनका 16 वर्षीय बेटा अभिषेक कुमार गांव में नाच देखने गया था। कुछ देर बाद वह भी वहां पहुंचे। अभिषेक सही सलामत नाच देख रहा था। वह बेटे को समझा-बुझाकर घर वापस ले आए और खाना खाकर सो गए। दिनेश कुमार ने बताया कि 23 जून को सुबह करीब 3 बजे वह शौच के लिए खेत की तरफ जा रहे थे। तभी शिशम के पेड़ के नीचे बेटे अभिषेक को मृत अवस्था में पड़ा देखा। शोर मचाने पर भाई प्रद्युम्न प्रकाश सिंह और चचेरा भाई ओम प्रकाश, पिता स्व. रामजतन सिंह पहुंचे। तीनों ने मिलकर शव को उठाकर घर के दरवाजे पर रखा और पुलिस को सूचना दी। दिनेश कुमार ने आरोप लगाया कि 18 मई 2026 को गांव के ही सियासरण सिंह, पिता स्व. मुनिलाल सिंह, अरुण कुमार, पिता सियासरण सिंह, सोनू कुमार, पिता अरुण कुमार, कल्लू कुमार, पिता अशोक कुमार, साहिल कुमार, पिता अशोक कुमार, कुंती देवी, पति सियासरण सिंह, बबीता देवी, पति अरुण कुमार और आशा देवी, पति अशोक कुमार ने मिलकर उनके साथ मारपीट की थी और केस भी कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि केस के बाद जब वह जेल में थे, तब इन सभी लोगों ने उनके बेटे अभिषेक को घेरकर पीटा और धमकी दी थी। ग्रामीणों ने उसे बचाया था। आरोपी बार-बार धमकी देते थे कि तुम्हारा एक लड़का है उसको मार देंगे। तुम्हारा बाप दिनेश कुमार को जेल भेजवा दिए हैं, अब तुमको भी मार के फेंक देंगे। सारी जमीन हड़प लेंगे। दिनेश कुमार ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इन्हीं 8 लोगों ने उनके बेटे की हत्या की है। मसौढ़ी थानाध्यक्ष ने बताया कि बयान दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।





# ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य, डीजे और हथियारों पर रोक

**सोशल मीडिया की 24 घंटे निगरानी, मोहर्रम को लेकर सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मसौढी अनुमंडल प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मंगलवार को एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की विशेष समीक्षा बैठक हुई। इस अवसर पर एएसपी कोमल मीणा, एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी, कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद एवं सभी थानों के थानाध्यक्ष शामिल रहे। बैठक में ताजिया जुलूस के रूट, सुरक्षा व्यवस्था और अफवाहों को रोकने के लिए सोशल मीडिया की 24 घंटे निगरानी के कड़े निर्देश दिए गए।बैठक में प्रशासनिक पदिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। एसडीएम ने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।ताजिया और जुलूस निकालने के लिए समितियों को पहले से लाइसेंस लेना अनिवार्य है जुलूस के समय मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा।संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह रोक रहेग,किसी भी प्रकार के धारदार या आग्नेयास्त्र लेकर चलने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा् नगर परिषद और पंचायतों को जुलूस मार्गों की मुकम्मल सफाई और पेयजल टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।बिजली विभाग को ढीले-लटके तार दुरुस्त करने और जुलूस के दौरान जरूरी बिजली कटौती का प्रबंधन करने का निर्देश। फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के सभी स्थानीय ग्रुप्स पर साइबर सेल की 24 घंटे पैनी नजर रहेगी।धार्मिक भावना भड़काने वाली अफवाह, आपत्तिजनक पोस्ट या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर बीएनएस की गैर-जमानती धाराओं के तहत त्वरित कार्रवाई होगी। अनुमंडल प्रशासन ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी है। शरारती तत्वों को चिन्हित कर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा कि मसौढी हमेशा से कौमी एकता की मिसाल रहा है। इस बार भी पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।सभी लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। इस मौके पर मो. मसूद, मो. खुर्शीद, मो.मजहर, मो.इब्राहिम, मो.नौशाद, छोटू इराकी के अलावा डॉ रामजयपाल सिंह, नवल भारती, लालमोहन सिंह, सुनील गावस्कर ,लालमोहन सिंह, डॉ मंगल,कृष्णा सिंह,अरुण प्रसाद, धर्मेंद्र रंगकर्मी, मंतोष पासवान समेत कई गण्यमान्य मौजूद रहे।



# पालीगंज उपकारा में बंदी दरबार आयोजित, बंदियों ने रखीं अपनी समस्याएं

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज उपकारा में बंदियों की समस्याओं के समाधान एवं उनकी आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से बंदी दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कारा अधीक्षक रामानुज कुमार ने किया। बंदी दरबार के दौरान बंदियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। बंदियों ने आधार कार्ड बनवाने, बैंक में खाता खुलवाने तथा हाजत अवधि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही बंदियों ने जेल परिसर में पुस्तकालय की व्यवस्था किए जाने का अनुरोध भी किया, ताकि वे अध्ययन कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। कारा अधीक्षक रामानुज कुमार ने बंदियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बंदियों के पुनर्वास एवं सुधार के लिए कारा प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा उनकी सुविधाओं में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बंदी दरबार के आयोजन से बंदियों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे उनके समाधान की दिशा में सार्थक पहल होने की उम्मीद जताई जा रही है।






# पत्नी की निर्मम हत्या करने वाला आरोपित को 10 वर्ष की सजा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज के लिए अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने वाला हत्यारा पति को दानापुर माननीय न्यायालय के एडीजे श्कसुनील कुमार कककक के द्वारा 10 वर्षो के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। जानकारी देते हुए एपीपी मोहम्मद कलाम अंसारी ने बताया कि सदीसोपुर बिहटा के रहने वाले मनोहर साव की पुत्री शोभा देवी की शादी देवकुली, बिंद टोली बिहटा के रहने वाले लक्ष्मण साव के साथ की गई थी। मगर दहेज के लोभी लक्ष्मण साव ने चंद महीने में ही दहेज के लिए अपनी पत्नी शोभा देवी की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी। इस संबंध में विगत 23 जनवरी 2022 को मनोहर साव द्वारा अपनी पुत्री की हत्या करने के मामले में लक्ष्मण साव के खिलाफ बिहटा थाने में मामला दर्ज कराया था। करीब साढ़े चार वर्षों तक दानापुर व्यवहार न्यायालय में चले इस मामले की पक्ष और विपक्ष के वकीलों के द्वारा बहस के बाद बुधवार को एडीजे श्कसुनील कुमार थर्ड के द्वारा आरोपी पति लक्ष्मण साव को 10 वर्षो के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायालय के द्वारा कहा गया कि निर्णय और सजा के आदेश की एक प्रति सचिव, जिला विधि सेवा प्राधिकरण, पटना को भेजी जाए, ताकि धारा 357ए, दंड प्रक्रिया संहिता/धारा 396 बीएनएसएस के तहत पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले मुआवजे की राशि निर्धारित की जा सके। सजा मिलने के बाद मृतक के परिजन को काफी राहत मिली है।

### लल्लू मुखिया के इलाज का मामला पहुंचा हाई कोर्ट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ विधानसभा के राजद प्रत्याशी रह चुके कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के गंभीर हृदय रोग के इलाज का मामला पटना हाई कोर्ट पहुंच गया। लल्लू मुखिया की पत्नी शोभा देवी ने भागलपुर जिला प्रशासन पर इलाज में देरी करने का आरोप लगाया है। सोमवार को पटना हाई कोर्ट ने भागलपुर एसएसपी को जरूरी इलाज की व्यवस्था तत्काल करने का निर्देश दिया है ।शोभा देवी ने कहा कि उनके पति लल्लू मुखिया न्यायिक हिरासत में है। उन्हें भागलपुर जेल में रखा गया है ।उन्हें गंभीर हृदय रोग को लेकर इलाज की तत्काल आवश्यकता है। जिला प्रशासन द्वारा संविधान के मौलिक अधिकार अनुच्छेद 21 का भी लाभ नहीं दिया जा रहा है ।उन्हें तुरंत उच्च स्तरीय इलाज की जरूरत है। इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान पटना में जांच कराने के बाद फिर दोबारा उन्हें भागलपुर भेज दिया गया। जबकि इस गंभीर बीमारी को लेकर एम्स नई दिल्ली में बेहतर इलाज करने की आवश्यकता थी।

# पीरबहोर के नए थाना अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने संभाला पदभार

**जनता को सहयोग देने का वादा थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह *बधाई देने पहुंचे पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता**

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीरबहोर थाना में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पीरबहोर थाना के तमाम जनता ने पुष्प देकर पदभार ग्रहण कराए। सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स पत्रकार मफूज आलम ने बताया कि 36 वर्षो बाद इस थाना में किसी हिन्दू पुलिस निरीक्षक की पदभार दी गई है। और बताया कि पूर्व थानाध्यक्ष मोहम्मद सज्जाद गद्दी का स्थानतरण शास्त्री नगर थाना सर्किल इंस्पेक्टर में हो जाने के बाद हो तुरंत पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राज कुमार सिंह पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बताया कि पूर्व मोहम्मद सज्जाद गद्दी 11 महीने का कार्यकाल काफी अच्छा और सुखद रहा और उन्हें बताया कि पिरबहोर थाने की जनता के जनता के प्रति जाते जाते आभार व्यक्त की और जनता का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। वही दूसरी ओर सब अपर थाना अध्यक्ष मधुरेन्द्र कुमार एवं पत्रकार मफूज आलम सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स बताया कि पूर्व थाना अध्यक्ष सज्जाद गद्दी जिनका 11महीना का कार्यकाल अच्छा रहा जिसमें बहुत ही गरीब लोगों को मदद की जिससे आम जनता सारनिया कार्य के लिए धन्यवाद दिया। वहीं दूसरी और पदभार करने के बाद थाना अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने बताया कि मुझे जनता सहयोग करें । तो मैं उनके उम्मीद पर खड़ा उतरूंगा। इस मौके पीरबहोर रामा कांत शर्मा थाना के सभी सब इंस्पेक्टर ने उन्हें पुष्प एवं फूल देकर उन्हें पदभार ग्रहण कराया।




# मसौढ़ी में खेत मजदूर सभा का सदस्यता अभियान तेज, 7 जुलाई को अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनरेगा के नये कानून भीवीरामजी कानून के तहत काम दो, काम का उचित दाम दो और 'बुलडोजर राज के खिलाफ वास-आवास बचाने का संघर्ष तेज करें' जैसे नारों के साथ अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा ने मसौढ़ी अंचल में सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। 7 जुलाई को अंचल कार्यालय के समक्ष बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। सभा के जिला अध्यक्ष नागेश्वर पासवान ने बताया कि 15 जून से पूरे अंचल में तीन टीमों के जरिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मसौढ़ी में 30 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य है। अभी तक 10 हजार सदस्य बनाए जा चुके हैं। अभियान के मुख्य मुद्दे काम का उचित दाम और कानून के तहत रोजगार की गारंटी,बुलडोजर राज के खिलाफ गरीबों वास-आवास बचाना, राशन कार्ड, पेंशन, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा व सम्मान,गरीबों के शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार को बुलंद करना है।इन मुद्दों पर गांव के गरीबों को गोलबंद किया जा रहा है। बड़ी गोलबंदी के साथ 7 जुलाई को अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मांगों को रखा जाएगा सदस्यता अभियान के लिए तीन टीमें काम कर रही हैं।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मंगलवार को मसौढ़ी में श्रद्धा के साथ मनाया गया। बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मसौढ़ी के विभिन्न मंडलों के भाजपा समर्थक शामिल हुए। सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को आत्मसात करने और उनके बताए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था। आज ही के दिन 23 जून 1953 को जम्मू-कश्मीर में बिना परमिट यात्रा के दौरान गिरफ्तार होने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई थी।भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कार्यकर्ता हर साल 23 जून को 'बलिदान दिवस' या 'पुण्यतिथि' के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर देशभर में, विशेषकर पार्टी कार्यालयों में उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाती है। इस अवसर पर भाजपा नेत्री आशा किरण, अजय कुमार शर्मा, समेत कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



# नशे में थाना पहुंचा वार्ड पार्षद, बोला- मुझे गिरफ्तार करो

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बीच मोकामा नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के सदस्य और वार्ड नंबर 14 के पार्षद मनोज मालाकार रविवार रात नशे की हालत में खुद ही थाने पहुंच गए। थाने में ऑन ड्यूटी पदाधिकारी के सामने उन्होंने खुद को गिरफ्तार करने की मांग कर दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पार्षद लड़खड़ाते हुए थाना परिसर में दाखिल हुए और ड्यूटी पर तैनात अधिकारी से कहा कि उन्हें हिरासत में लिया जाए। मौजूद पुलिसकर्मियों ने पहले समझाने की कोशिश की, लेकिन नशे की हालत साफ दिख रही थी।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मौके पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। इसके बाद नियमानुसार उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति मोकामा नगर परिषद के वार्ड नंबर 14 के वर्तमान पार्षद हैं और हाल ही में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में जीत कर सदस्य बने हैं। मेडिकल जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।"बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू है और जनप्रतिनिधियों पर आचरण को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में चर्चा है कि जब निर्वाचित प्रतिनिधि ही कानून तोड़ेंगे तो शराबबंदी कैसे सफल होगी।पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



### मोहर्रम पर ताजिया जुलूस के लिए हटेगा रेलवे का बैरियर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम पर्व पर ताजिया जुलूस को सुगम बनाने के लिए रेलवे पुलिस ने बड़ा निर्णय लिया है। तारेगना रेल थाना परिसर में मंगलवार को हुई बैठक में तय हुआ कि मोहर्रम के दिन दक्षिणी गुमटी के पास बड़े वाहनों की रोक के लिए लगाए गए बैरियर को हटा दिया जाएगा। रेल थाना अध्यक्ष सोनू कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। रेल पुलिस ने बताया कि मेन रोड में निर्माण कार्य चलने के कारण ऊंचे ताजिया जुलूस का वहां से गुजरना मुश्किल है। जुलूस रेलवे लाइन के किनारे मलिकाना होते हुए संगत पर, पुरानी बाजार, कपूरी चौक होते हुए थाना रोड में प्रवेश करेगा। इसी रूट पर जुलूस को सहूलियत देने के लिए दक्षिणी गुमटी के पास लगा बैरियर मोहर्रम के दिन खोला जाएगा।

# फरार आरोपितों के घर इश्तेहार चिपकाया, सरेंडर की चेतावनी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दीघवां गांव में घर पर चढ़कर फायरिंग कर दहशत मचाने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों के घर पुलिस ने मंगलवार को इश्तिहार चस्पा किया। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की की चेतावनी दी गई है थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि यह घटना 10 मई 2026 की देर रात की है। दीघवां गांव निवासी दीपक कुमार, पिता यतीन्द्र शर्मा ने थाना में आवेदन दिया था। आरोप है कि चंदन कुमार, पिता चंद्रभूषण प्रसाद और रिशु कुमार, पिता बिहारी यादव, दोनों निवासी दीघवां ने रात करीब 1 बजे घर पर चढ़कर गोलीबारी की। आरोपियों ने दहशत फैलाने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी के बाद कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को दोनों आरोपियों के घर पर इश्तिहार चस्पा किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इश्तिहार के माध्यम से दोनों को तय समय पर कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है। अगर वे सरेंडर नहीं करते हैं तो दोनों के घरों पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रतनपुर एवं जमालपुर रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल एवं स्थानीय पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 13401 अप से रतनपुर-जमालपुर रेलखंड के किलोमीटर संख्या 356/3-2 के पास एक व्यक्ति के कट जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने लगभग 75 वर्षीय एक वृद्ध का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद किया।स्थानीय पूछताछ के दौरान मृतक की पहचान ललित यादव (75 वर्ष), पिता स्वर्गीय धनी लाल यादव, निवासी नया रामनगर, जिला मुंगेर के रूप में हुई। इसके बाद ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस ने शव को ट्रैक से हटाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।बाद में मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और लिखित आवेदन देकर पोस्टमार्टम नहीं कराने की इच्छा जताई। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।इस मामले में ईस्ट कॉलोनी थाना रेल थाना जमालपुर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,वृद्ध की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है।



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जमालपुर पूर्वी मंडल में मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार पोद्दार एवं विधान परिषद सदस्य लालमोहन गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्राण रंजन तथा जमालपुर प्रखंड अध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुआ। इसके बाद डॉ. अरुण कुमार पोद्दार ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, राष्ट्रसेवा एवं बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया गया।विधानसभा प्रभारी प्राण रंजन ने कहा कि डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों पर चलते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प ले।कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रवि मोदी ने किया।इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह, मिलन तांती, टिमटिम यादव, राहुल खेतान, रवि पासवान, मदन प्रसाद, नीलम भगत, सुषमा सिंह, शंकर रजक, सुरेश मंडल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### पल्स पोलियो अभियान हेतु टास्क फोर्स की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार की अध्यक्षता में आगामी पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन के लिए प्रखण्ड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान आगामी 28 जून से 02 जुलाई को आयोजित की जाएगी जिसमें सभी जीरो से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी उन्होंने सभी लोगों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा एक भी बच्चा छुटा सुरक्षा चक्र टूटा उन्होंने बताया कि प्रखंड अंतर्गत 72 घर घर टीम 13 ट्रांजिट टीम 25 पर्यवेक्षक कार्यरत रहेंगे। साथ ही सभी पल्स पोलियो के पर्यवेक्षको को प्रशिक्षण दिया गया, इस दौरान बैठक में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी बाल विकास परियोजना से केशव कुमार,बीएमएण्डईए अजय शंकर सिंह,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,जीविका बीपीएम पंकज कुमार,डिपो होल्डर प्रभात कुमार,पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार,प्रमोद सिंह,मोहम्मद अरमान,तेजेन्द्र कुमार,पीरामल के अरविन्द कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी ने भाग लिया।

### चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सैनिक रोड स्थित झांझरा हड़का सती माई मंदिर के पास एक व्यक्ति को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। चेकिंग के दौरान बाइक के चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर का मिलान किया गया, जिसमें दोनों अलग-अलग पाए गए। इसके बाद पुलिस ने चेसिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक से संपर्क किया।वाहन मालिक ने पुलिस को बताया कि उनकी मोटरसाइकिल नगर थाना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 149/21 पहले से दर्ज है।पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान इंद्रजीत दास (45 वर्ष), पिता जोगिंदर दास, निवासी बरवा विजयी, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में की है। पुलिस आरोपी से मोटरसाइकिल के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बाइक चोरी में उसकी क्या भूमिका रही और इस मामले में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। थाना अध्यक्ष ने दी जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### शांति समिति की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर निशांत सिहारा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनुमंडल अंतर्गत संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, निर्धारित रूट में शांतिपूर्ण जुलूस निकालने, बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकलने, वॉलेंटियर की प्रतिनियुक्ति करने, अफवाहों से बचने, किसी प्रकार की विधि व्यवस्था संबंधी सूचना मिलने पर प्रशासन को ससमय सूचित करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। शांति समिति के उपस्थित सभी सदस्यगण ने एक स्वर से मोहर्रम के पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर्ष वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनुमंडल अंतर्गत पूरी शांति के साथ पर्व को मनाया जाएगा और हर समय शांति समिति की टीम जिला प्रशासन के सहयोग के लिए खड़ी रहेगी। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बैठक में मोहर्रम पर्व को अमन व शांति के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारीकरण भी उपस्थित थे।



### ट्रेन में बेहोश मिले अज्ञात युवक को एकमा स्टेशन पर उतारा

**छपरा/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के छपरा-सिवान रेलखंड स्थित एकमा रेलवे स्टेशन पर सोमवार की शाम छपरा से मऊ जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक अज्ञात युवक बेहोशी की हालत में मिला। रेलवे कंट्रोल से एकमा स्टेशन मास्टर द्वारा सूचना मिलने के बाद एकमा स्टेशन पर तैनात आरपीएफ एवं जीआरपी ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रेन से उतारकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा पहुंचाया। उपचार के दौरान सीएचसी में रेलवे पुलिस बल द्वारा बताया गया कि ट्रेन संख्या 55101 छपरा कचहरीझमऊ पैसेंजर से शाम करीब 5:13 बजे लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवक को एकमा स्टेशन पर उतारा गया। युवक बेहोशी की अवस्था में था और उसकी हालत चिंताजनक प्रतीत हो रही थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ कांस्टेबल वृजेश कुमार यादव, वकील प्रसाद तथा जीआरपी कांस्टेबल ललन कुमार ने संयुक्त रूप से युवक को सुरक्षित ट्रेन से उतारकर तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सीएचसी में ड्यूटी पर तैनात डॉ. आयुष्मान कुमार ने युवक का प्राथमिक उपचार किया।

# बिहार में पीएनजी विस्तार कर 'हर घर पहुंचेंगे' विजन को आगे बढ़ाया

**मधुबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी एवं महारत्न पीएसयू भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बिहार के मधुबनी और बेतिया जिलों में वैकल्पिक गैस परिवहन अवसंरचना के माध्यम से पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की आपूर्ति शुरू कर दी है, जिससे इन क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क पहुंचने से काफी पहले ही घरों को पीएनजी उपलब्ध हो सकेगी। यह उपलब्धि बीपीसीएल के 'हर घर पहुंचेंगे' मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और नवाचारपूर्ण कार्यान्वयन रणनीतियों तथा त्वरित जमीनी क्रियान्वयन के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच को तेज करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मधुबनी में, बीपीसीएल ने रिकॉर्ड समय में पीएनजी अवसंरचना का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया है। इस सुविधा के लिए 15 अप्रैल 2026 को भूमि आवंटित की गई थी। इस परियोजना की नियमित समीक्षा बिहार के माननीय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों के माध्यम से की गई, जिसमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और जिला प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। जलभराव वाले स्थल पर आवश्यक भूमि भराई, उपयोगिता सेवाओं एवं वैधानिक अनुमतियों से संबंधित व्यापक समन्वय तथा जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय मुद्दों के समाधान जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के बावजूद, बीपीसीएल की टीमों ने निरंतर प्रयास करते हुए इस परियोजना को त्वरित समयसीमा में पूरा किया। इस परियोजना के माध्यम से मुख्य पाइपलाइन कनेक्टिविटी पूरी होने की प्रतीक्षा किए बिना प्लग-एंड-प्ले मॉडल के जरिए 3,000 से अधिक घरों को पीएनजी आपूर्ति संभव होगी।

यह पूर्वी क्षेत्र में अपनी तरह की एक परियोजना है। पाइपलाइन नेटवर्क के चालू होने के बाद यह प्रणाली निर्बाध रूप से पाइपलाइन-आधारित आपूर्ति में परिवर्तित हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के सेवा मिलती रहेगी। बेतिया में, बीपीसीएल ने पाइपलाइन कनेक्टिविटी से पहले ही उपभोक्ताओं तक पीएनजी पहुंचाने के लिए नवाचारपूर्ण डीआरएस (डॉटर रेगुलेटिंग स्टेशन) और एलसीवी (लाइट कमर्शियल व्हीकल) कैस्केड-आधारित आपूर्ति मॉडल अपनाया है। कंपनी ने कमीशनिंग के पहले ही दिन 35 घरों को जोड़ा और आने वाले सप्ताहों में 1,000 से अधिक घरों तक पीएनजी पहुंचाने की योजना बनाई है। यह मॉडल उपभोक्ताओं को पारंपरिक पाइपलाइन नेटवर्क के पूरा होने की प्रतीक्षा किए बिना स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक पीएनजी का लाभ प्रदान करता है। बीपीसीएल की परिदृश्य-आधारित कार्यान्वयन रणनीति, उन क्षेत्रों में जहां पाइपलाइन कमीशनिंग में अधिक समय लग सकता है, एलसीवी कैस्केड, डीआरएस, डीसीयू तथा अन्य सहायक अवसंरचनाओं जैसे वैकल्पिक गैस परिवहन समाधानों के उपयोग के माध्यम से पीएनजी की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करती है। इस उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से बीपीसीएल घरों को शीघ्र जोड़ने, अवसंरचना के तेज उपयोग और स्वच्छ ऊर्जा तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। इस उपलब्धि पर बीपीसीएल के प्रवक्ता ने कहा, मधुबनी और बेतिया में पीएनजी आपूर्ति की शुरूआत इस बात को दर्शाती है कि बीपीसीएल ग्राहकों को स्वच्छ ईंधन और सुविधा का लाभ जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

नवाचारपूर्ण कार्यान्वयन मॉडल, बिहार सरकार, जिला प्रशासनों के साथ मजबूत सहयोग तथा हमारी टीमों के अथक प्रयासों के माध्यम से हमने यह प्रदर्शित किया है कि पीएनजी तक पहुंच के लिए पूरे पाइपलाइन नेटवर्क के पूरा होने की प्रतीक्षा आवश्यक नहीं है। 'हर घर पहुंचेंगे' विजन के तहत हमारा ध्यान प्रत्येक घर तक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक ऊर्जा समाधान पहुंचाने पर केंद्रित है। ये परियोजनाएं उभरते बाजारों में सिटी गैस वितरण अवसंरचना के विस्तार के लिए नवाचार, त्वरित क्रियान्वयन और विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग को एकीकृत करने की बीपीसीएल की क्षमता को रेखांकित करती हैं। पारंपरिक समयसीमा से पहले उपभोक्ताओं तक पीएनजी पहुंचाकर बीपीसीएल ऊर्जा की उपलब्धता को मजबूत कर रहा है, उपभोक्ता सुविधा में सुधार कर रहा है तथा भारत की गैस-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में योगदान दे रहा है।

## मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी: रामनाथ ठाकुर



**पटना/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना एवं कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत जलालगढ़ प्रखंड के कठैली गांव में दिनांक 23 जून 2026 को किसानों के लिए विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों से मृदा संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने तथा प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप मिट्टी को स्वस्थ एवं उत्पादक बनाए रखने हेतु वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया। कसबा के माननीय विधायक श्री नितेश कुमार सिंह जी ने किसानों को मक्का सहित अन्य फसलों में रासायनिक उर्वरकों का संतुलित एवं आवश्यकता-आधारित उपयोग करने की सलाह दी। बिहार विधान परिषद के माननीय सदस्य श्री अनिल कुमार ठाकुर जी ने कहा कि वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को अपनाकर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं, बल्कि मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण भी सुनिश्चित कर सकते हैं। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के माननीय कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने कहा कि मखाना को प्राप्त भौगोलिक संकेतक ने उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार ने ह्लप्रति बूंद अधिक फसलह्व की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को जल संरक्षण, मृदा संरक्षण तथा कृषि उत्पादकता वृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में लगभग 380 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 200 से अधिक महिला किसान शामिल थीं।

## सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बीडीओ ने कसी कमर

### 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान को लेकर समीक्षा बैठक



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय जमालपुर में सोमवार को 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. प्रभात रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (जीपीडीपी) के माध्यम से प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र लाभुक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी और जनप्रतिनिधि समन्वय बनाकर कार्य करें।बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की तैयारी, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मितेश कुमार, मुखिया सुरेंद्र पासवान, मुखिया कल्पना देवी, पंचायत सचिव, डाटा ऑपरेटर सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मोहर्रम पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील, प्रशासन ने किए कड़े सुरक्षा इंतजाम



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को रक्सौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, मोहर्रम कमेटियों के प्रतिनिधियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पर्व के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) मनीष आनंद ने कहा कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा और सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि रक्सौल की पहचान आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रही है, जिसे कायम रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद, वामिल हुसैन, मनोज पासवान, मो. एहतेशाम, अनिल कुमार पांडेय, ब्रजभूषण पांडेय, नायाब आलम, सच्चिदानंद सिंह, मुस्तजाब आलम, आलम मियां, अत्तुल्लाह आलम, चंचल राय, कन्हैया सर्राफ, वकील अहमद, मो. इकबाल हुसैन, असुरुद्दीन आलम, नौशाद आलम, रवि गुप्ता, शमसुद्दीन आलम, कैश खान, महताब मियां, हसनैन खान, अरबाज खान, जाहिद मियां और फखरुद्दीन आलम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर बैठक

### 28 जून से 2 जुलाई तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान



**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रभात रंजन निर्देश पर आगामी 28 जून से पल्स पोलियो अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक आयोजित की गई।बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पिंकी कुमारी, डब्ल्यूएचओ के डॉ. जुनैद, डॉ. पंकज कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अशोक पासवान सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी के उपस्थिति में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। पोलियो नोडल कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने अभियान के प्रत्येक चरण, जिम्मेदारियों एवं समन्वय व्यवस्था की जानकारी साझा करते हुए सभी संबंधित विभागों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।बैठक में अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय, जनजागरूकता एवं प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक ऐसी राजनीतिक दल की नींव रखी जो अखंड भारत के संकल्प पर आधारित हो : राधामोहन सिंह

### जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा ने कार्यक्रम किया आयोजित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद् एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में भारतीय जनसंघ वर्तमान भाजपा का वैचारिक आधार की स्थापना की और इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। 1952 के आम चुनाव में जनसंघ ने संसद में 3 सीटें जीती जिसमें उनकी अपनी सीट भी शामिल थी। डा० मुखर्जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ विचार-विमर्श करके एक ऐसे राजनीतिक दल की नींव रखी जो भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और 'अखंड भारत' के संकल्प पर आधारित हो। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उन्होंने धारा 370 का कड़ा विरोध करते हुए नारा दिया था, एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।

## सौरभ सुमन यादव बने नए जिलाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सौरभ सुमन यादव भारतीय प्रशासनिक सेवा (2019 बैच) ने पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एवं जिला दंडाधिकारी के रूप में अपना आधिकारिक पदभार ग्रहण किया।

## श्रावण मास से पूर्व श्री ढोढनाथ धाम को शिव शक्ति सर्किट में शामिल करने की मांग हुई तेज

**छपरा/लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवान शिव को प्रिय श्रावण मास के आगमन से पहले सारण जिले के एकमा विधानसभा क्षेत्र में प्रसिद्ध श्री ढोढनाथ धाम मंदिर को बिहार सरकार की प्रस्तावित शिव शक्ति सर्किट योजना में शामिल कर विकसित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। एकमा विधान सभा के लहलादपुर प्रखंड के जनता बाजार स्थित यह प्राचीन शिवधाम उत्तर बिहार में विशेष धार्मिक महत्व रखता है और श्रद्धालुओं के बीच "द्वितीय काशी नगरी" के नाम से प्रसिद्ध है। इस संबंध में बिहार अभ्युदय संघ (बिहारवाद) के सदस्यों ने सहयोग पोर्टल के माध्यम से बिहार सरकार को आवेदन भेजकर ढोढनाथ धाम को शिव शक्ति सर्किट में शामिल करने तथा इसे आधुनिक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की है।

## शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले एनडीए प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर



**छपरा/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल (यू) एवं एनडीए प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर ने मंगलवार को बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात कर राज्य के विभिन्न कोटि के शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षाकर्मियों की समस्याओं तथा मांगों से संबंधित विस्तृत मांग-पत्र सौंपा। उन्होंने शिक्षकों की लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलेगी। मुलाकात के दौरान ई. आनंद पुष्कर ने वित्तरहित अनुदानित शिक्षण संस्थानों के बकाया अनुदान का अविलंब भुगतान करने तथा वर्तमान अनुदान व्यवस्था के स्थान पर नियमित वेतनमान लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने सभी कोटि के शिक्षकों के लिए समान एवं पूर्ण वेतनमान, पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा संस्कृत, मदरसा एवं अन्य अल्पसंख्यक विद्यालयों के आधारभूत संरचना विकास के लिए विशेष अनुदान उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत, मदरसा एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और अनुदान का भुगतान लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण हजारों शिक्षक और उनके परिवार आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सरकार को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेकर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

## शिव प्रतिमा के नगर भ्रमण में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

### हाथी-घोड़े व बैंड-बाजे रहे आकर्षण का केंद्र



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोविंदपुर में आयोजित शिव महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत मंगलवार को भगवान शिव की प्रतिमा एवं पूजन सामग्री का भव्य नगर भ्रमण निकाला गया। आगामी प्राण प्रतिष्ठा एवं शिवलिंग स्थापना को लेकर आयोजित इस धार्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और "हर-हर महादेव" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। नगर भ्रमण शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर फतुहा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा। यात्रा में हाथी, घोड़े, बैंड-बाजे तथा आकर्षक धार्मिक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लिया और भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शिव प्रतिमा का स्वागत किया। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के अंतर्गत होने वाली प्राण प्रतिष्ठा एवं शिवलिंग स्थापना को लेकर धार्मिक अनुष्ठान लगातार जारी हैं। प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में अनश्वर प्रसाद सिन्हा, अमरेश्वर प्रसाद सिन्हा, सतीश ठाकुर, कामेश्वर कांतिकारी, लक्ष्मण साहू, संतोष चंद्रवंशी, नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बब्बन यादव तथा इंजीनियर संजीव कुमार सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। नगर भ्रमण के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से सुख, शांति, समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की।

CMYK

# गर्मी की छुट्टियों के बाद कार्यवाहक कुलपति ने परखी शैक्षणिक व्यवस्था



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/गया।** गर्मी की छुट्टियों के बाद महाविद्यालयों में शुरू हुए शैक्षणिक कार्यों का जायजा लेने के लिए मगध विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने मंगलवार को विभिन्न कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मगध विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद, किशोरी सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद तथा एस.एम.एस.जी. कॉलेज, शेरघाटी का दौरा कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कक्षा संचालन, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की मौजूदगी तथा परिसर की समग्र व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किशोरी सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में निरीक्षण के दौरान कुलपति ने शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा संचालन एवं अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि नियमित पठन-पाठन और शैक्षणिक अनुशासन किसी भी संस्थान की पहचान होते हैं। वहीं एस.एम.एस.जी. कॉलेज, शेरघाटी में कुछ शिक्षकों की अनुपस्थिति पाए जाने पर कुलपति ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित प्रशासन को शिक्षकों और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के हितों से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों के बाद नियमित शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी प्राचार्यों को कक्षाओं के नियमित संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समय-समय पर महाविद्यालयों का निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. के डी पी वर्मा सहित संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुहर्रम पर विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक सख्त




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी, सीआई, पुलिस इंसपेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, निरोधात्मक कार्रवाई, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा जुलूस मार्गों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने, नियमित गश्त करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। साथ ही स्थानीय शांति समिति एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने पर बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को मुहर्रम पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि ताजिया निर्धारित रूट से ही निकलें। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था करने और फ्लैग मार्च निकाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण के साथ पर्व मनाने की अपील की।

## एक नजर

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सत्संग नगर मुहल्ले में भारतीय जनता पार्टी दाउदनगर द्वारा मंगलवार को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल-चित्र पर सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने कहा कि भारतीय राजनीति में डॉ. मुखर्जी का योगदान अविस्मरणीय है। कश्मीर में दो संविधान का घोर विरोधी रहे डॉ.मुखर्जी अपने चिंतन, राष्ट्रवादी विचारधारा से भारत को एक सूत्र में पिरोया है, आज हम उनका अनुसरण करते हैं। उनके बताएं गए सिद्धांतों का पालन कर सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उपस्थित भाजपा नगर महामंत्री प्रहलाद कांस्यकार,अनूप मनोहर,नगर मंत्री रंजीत कुमार, दलित मोर्चा अध्यक्ष संजय पासवान, वेद आर्य, आशुतोष कुमार उर्फ गप्पू सिंह सोनू चंद्रवंशी सहित उपस्थित रहे।

### सफल युवा को किया सम्मानित

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के अंछा निवासी अवधेश सिंह के पुत्र विकास कुमार को पूर्व पैक्स अध्यक्ष स्वर्गीय रघुनंदन सिंह के सुपुत्र प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। 70 वीं बीपीएससी परीक्षा में विका कुमार का चयन प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद के लिए हुआ है। प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विकास की सफलता से पंचायत में काफी खुशी का माहौल है। दाउदनगर प्रखंड के लिए गौरव की बात है।

### आद्रा नक्षत्र आरंभ, छह जुलाई तक रहेगा निरंतर

**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की रात्रि 08.22 बजे से किसानों के लिए महत्वपूर्ण नक्षत्र आद्रा शुरू हो गया है। इसका वाहन खर (गदहा) है। स्त्री चन्द्र सूर्य का योग है। सौम्य नाड़ी और तदीशो गुरु है। पं.लालमोहन शास्त्री ने बताया कि अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है। सुवृष्टि का योग है। जून माह के अन्तिम और जुलाई माह के प्रथम साप्ताह तक अच्छी वर्षा होगी। गुड़, चिनी, घी, चावल, कर्पुर, चांदी अर्थात सफेद वस्तुओं की कीमत बढ़ेगी। छह जुलाई रात्रि 09.48 बजे तक आद्रा नक्षत्र रहेगा। पंडित शास्त्री ने बताया कि आद्रा नक्षत्र के प्रथम चरण में तीन दिनों तक प्रकृति (पृथ्वी, जल, पावक, हवा और आकाश) रजस्वला रहती है। विश्व विख्यात असम कामरूप कामाख्य सिद्ध पीठ मन्दिर का कपाट बन्द रहता है। किसान तीन दिन तक खेत में हल नहीं चलाते। साधु-संन्यासी, गंगा, यमुना, सास्वती, नर्मदा, सिन्धु, काबेरी, गोदावरी इत्यादि नदी को छोड़ कर अन्य नदियों में स्नान नहीं करते। वेद मंत्र पाठ, हवन, पूजा बन्द रहते हैं। बताया कि मगध की परम्परा है कि आद्रा शुरू होते ही अपने परिवार कुटुम्बों को खीर, दाल भरी पुडी, आम, बड़हर और आलु परवल की शब्जी भोजन कराये जाते हैं। सनातनी आद्रा नक्षत्र में श्री सत्य नारायण व्रत की कथा का आयोजन करते हैं। शास्त्र के अनुसार रजस्वला स्थिति से छूटकारा मिलने पर माताओं को मधूर (खीर पुड़ी) भोजन करने की परंपरा है।

# टेंपो चालक का मोबाइल-पर्स उड़ाने वाला शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** बस स्टैंड के पास टेंपो चालक का मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। घटना के बाद इलाके में काफी चर्चा रही।

जानकारी के अनुसार टकरा निवासी महेंद्र पासवान के पुत्र सोनू कुमार ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि 15 जून 2026 को वह बस स्टैंड के पास अपने टेंपो में सवारी बैठा रहे थे। इसी दौरान एक युवक आगे की सीट पर बैठ गया। सवारी का इंतजार करते समय युवक ने टेंपो की झोली में रखा मोबाइल और पर्स चोरी कर लिया और मौके से भाग निकला। सोनू कुमार ने बताया कि जब उन्होंने युवक को भागते देखा तो रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह तेजी से फरार हो गया। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि युवक हाजीपुर गोला क्षेत्र का रहने वाला है। बाद में जांच के दौरान उसकी पहचान मोहम्मद शोएब के रूप में हुई। आवेदक के अनुसार आरोपी पूर्व में भी चोरी के कई मामलों में जेल जा चुका है। मामले में 22 जून को प्राथमिकी दर्ज की गई। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि कांड दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# 1 जुलाई से लागू होगा वीबी-जी राम जी अधिनियम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका सुरक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले "विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) – वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025" के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद की जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार तथा मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित यह अधिनियम 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होगा। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका सुरक्षा और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। अधिनियम के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी दी जाएगी। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो संबंधित परिवार को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। साथ ही मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। भुगतान में विलंब होने पर निर्धारित प्रावधानों के तहत क्षतिपूर्ति भी दी जाएगी। बैठक में बताया गया कि योजना के अंतर्गत कुल 318 प्रकार के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें जल संरक्षण एवं सुरक्षा से जुड़े 107 कार्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना के 90 कार्य, आजीविका अवसंरचना के 86 कार्य तथा जलवायु अनुकूलन एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित 35 कार्य शामिल हैं। व्यक्तिगत लाभार्थी आधारित योजनाओं और परिसंपत्तियों के रखरखाव को भी प्राथमिकता दी जाएगी। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता अभियान, क्षमता निर्माण, डिजिटल प्रणाली के प्रभावी उपयोग और विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि 1 जुलाई से योजना का सफल एवं प्रभावी संचालन किया जा सके।




# राजनीतिक खींचतान की भेंट चढ़ा सतबहिनी का ऐतिहासिक आर्द्र मेला, दो स्थानों पर उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय पहचान का प्रतीक सतबहिनी मंदिर परिसर में लगने वाला ऐतिहासिक आर्द्रा मेला इस वर्ष राजनीतिक खींचतान और आपसी विवादों के कारण चर्चा का विषय बन गया है। वर्षों से एकजुट होकर आयोजित होने वाला यह मेला पहली बार दो गुटों में बंटा नजर आया, जिसके चलते मेले का उद्घाटन भी दो अलग-अलग स्थानों पर किया गया। जानकारी के अनुसार, एक ओर सतबहिनी न्यास समिति ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मेले का शुभारंभ किया, जबकि दूसरी ओर हाल ही में गठित नई समिति ने अलग मंच बनाकर अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन समारोह आयोजित किया। दोनों पक्षों ने अपने-अपने स्तर से मेले के संचालन का दावा किया जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही। मेले में पहुंचे लोगों के बीच पूरे दिन इसी मुद्दे की चर्चा होती रही कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा इस बार आपसी मतभेद और राजनीति की भेंट चढ़ गई। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि सतबहिनी न्यास समिति कभी सामाजिक एकता और जनसहभागिता का केंद्र हुआ करती थी, लेकिन समय के साथ समिति के अंदर बढ़ते वर्चस्व की राजनीति और गुटबाजी ने इसकी मूल भावना को प्रभावित किया है। उनका मानना है कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त रखकर समाज हित में संचालित किया जाना चाहिए। बुद्धिजीवी वर्ग ने चिंता जताते हुए कहा कि न्यास समिति के भीतर उत्पन्न विवादों का असर अब धार्मिक आयोजनों पर भी दिखाई देने लगा है। यदि समय रहते सभी पक्षों के बीच समन्वय स्थापित नहीं किया गया तो इससे मेले की गरिमा और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि दोनों समितियों ने मेले के शांतिपूर्ण संचालन का दावा किया है, लेकिन दो स्थानों पर उद्घाटन होने की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस बार का ऐतिहासिक आर्द्रा मेला राजनीतिक खींचतान का शिकार हो गया है। इधर मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है तथा विभिन्न प्रकार की दुकानें सज चुकी हैं, लेकिन दोनों पक्षों के बीच चल रहा विवाद लोगों के बीच प्रमुख चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बीस सूत्री समिति की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना ने की, जबकि संचालन बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, राष्ट्रगान एवं बिहार गीत के साथ हुआ। बैठक में सांसद राजाराम सिंह एवं गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा का बुके एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। बैठक की शुरुआत गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि से हुई। इस दौरान सदस्य कौशल शर्मा ने पिछली बैठक की कार्यवाही की प्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। इसके बाद विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अस्पताल परिसर में पेयजल के लिए चापाकल लगाने, बाघोई में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण तथा टाल क्षेत्र में नवनिर्मित भवन में अस्पताल स्थानांतरित करने की मांग उठी। बैठक में खाद की कमी, उपलब्धता और बिस्कोमान की कार्यप्रणाली प्रमुख मुद्दा रही। सदस्य श्रीकांत वर्मा ने बिस्कोमान में अनियमितता का मामला उठाया। कई सदस्यों ने बिस्कोमान प्रबंधक राहुल कुमार पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। सदन में प्रबंधक द्वारा किसानों से विवाद को उचित ठहराने पर माहौल गरमा गया। प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई, जबकि विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने हस्तक्षेप करते हुए प्रबंधक से सदन में माफी मंगवाई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में बीईओ दीपक कुमार ने सभी विद्यालयों तक सड़क संपर्क उपलब्ध कराने का आग्रह किया, जिसे सर्वसम्मति से प्रस्ताव में शामिल किया गया। मनरेगा के तहत मजदूरों के भुगतान में अनियमितता एवं फर्जी उपस्थिति का मामला भी उठा। इस पर कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश चौधरी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाल विकास परियोजना कार्यालय की समीक्षा के दौरान गुलजार बिगहा एवं गांधी नगर आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी भवन के बजाय निजी भवन में संचालित होने का मामला उठाया गया। सीडीपीओ ने जांच कर केंद्रों को सरकारी भवन में स्थानांतरित करने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा जीविका, बिजली, पीएचईडी, पशुपालन तथा बैंकिंग सेवाओं सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद राजाराम सिंह ने जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया। पहली बार सांसद और विधायक की संयुक्त उपस्थिति से समिति के सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा। विधायक ने विभागवार योजनाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीओ कौशल्या कुमारी, सीडीपीओ ओनम, पीएचईडी के जेई उपेंद्र कुमार, बिजली विभाग के जेई प्रकाश कुमार, डॉ. अक्षय कुमार, बैंक प्रबंधक नवल किशोर, समिति के उपाध्यक्ष चंद्रेश पटेल तथा सदस्य राधिका सोनी, पूनम देवी, जयकृष्ण पटेल, अमन कुशवाहा, सतीश चंद्रवंशी, गनौरी राम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** एनएच-139 पर जनता कॉलेज मोड़ के समीप सोमवार की रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के नारायण खाप निवासी अविनाश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ऑटो की चपेट में आने से अविनाश कुमार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से घायल को रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार घायल के चेहरे, ठोड़ी, छाती, दाहिनी कलाई और घुटने में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। घायल की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

# बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित बहुदेशीय भवन में मंगलवार को बाल विवाह और बाल श्रम कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर बाल विवाह मुक्त, बाल श्रम मुक्त मदनपुर बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक संजीव कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार, बीआरसी में कार्यरत विजय कुमार सिंह एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार उपस्थित रहे। संस्था की सरिता कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। श्रम अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की बेटी की शादी और 14 साल से कम बच्चें से मजदूरी कराना दोनों कानूनन अपराध हैं। इसके लिए माता-पिता, नियोक्ता और पंचायत प्रतिनिधि सभी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने बताया कि बाल श्रम की शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर की जा सकती है। बीआरसी विजय कुमार सिंह ने शिक्षकों से अपील की कि स्कूल से अनुपस्थित बच्चों की सूची बनाकर तुरंत प्रशासन को दें। जिला समन्वयक रितेश कुमार ने कहा कि बेटी को 18 तक पढ़ाओ, वो बोझ नहीं बनेगी। बाल श्रम कराने से उसका बचपन मर जाता है। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह और बाल श्रम के दुष्परिणाम दिखाए गए। अंत में सभी प्रतिभागियों ने 18 से पहले शादी नहीं करने और किसी भी बच्चे से काम नहीं कराने की शपथ ली।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी. बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

बिहार सरकार

## समाहरणालय, औरंगाबाद

(खनन शाखा)

औरगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक–10.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–11.07.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्द्री लोडिंग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
4. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

समाहर्त्ता
औरंगाबाद

PR- 006386 (Mines & Geo.) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सं. : डब्ल्यू_2_623_19_8_197_जेड1_26–27 व डब्ल्यू_2_623_19_8_198_जेड2_26–27, दिनांकः 19.06.2026,** प्रधान मुख्य इंजीनियर, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई–निविदा सं. : डब्ल्यू_2_623_19_8_197_जेड1_26–27, कार्य का नामः** ज़ोन सं. I: 30.06.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए फेयरली प्लेस बिल्डिंग एरिया, पूर्व रेलवे, कोलकाता में पानी की आपूर्ति, सैनिटरी और बागवानी के कार्य सहित सिविल रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 67,00,000/–, **बयाना राशिः** रु. 1,34,000/–, **समापन अवधिः** 12 माह। **ई–निविदा सं. : डब्ल्यू_2_623_19_8_198_जेड2_26–27, कार्य का नामः** ज़ोन सं. II: 30.06.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए ओल्ड कोयलाघाट और न्यू कोयलाघाट बिल्डिंग एरिया, पूर्व रेलवे, कोलकाता में पानी की आपूर्ति, सैनिटरी और बागवानी के कार्य सहित सिविल रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 71,00,000/–, **बयाना राशिः** रु. 1,42,000/– **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.07.2026, 16.00 बजे (ज़ोन सं. I एवं II प्रत्येक के लिए)। निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https://www. ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-84/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

## जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला में संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास औरंगाबाद में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन लिया जाना है।

उक्त छात्रावास में रिक्तियों के विरुद्ध **पुनः नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक– 22.06.2026 से दिनांक– 21.07.2026 तक ऑनलाइन** के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। नामांकन हेतु इच्छुक छात्र ***bcebconline.bihar.gov.in*** पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

| जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–18) | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावस में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–100) |
|---|---|
| 1. आवेदक अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। | 1. आवेदक पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। |
| 2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो। | 2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो। |
| 3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो। | 3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो। |
| 4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो। | 4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो। |
| 5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। | 5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| 6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। | 6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। |

**छात्रों को मिलने वाली निःशुल्क सुविधाएँ**

1. निःशुल्क आवास सुविधा।
2. सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं रसोइया की व्यवस्था।
3. विद्युत सुविधा, पंखा, बल्ब, साइलेंट जनरेटर, सी.सी.टी.वी. एवं Wifi सुविधा।
4. भौतिक एवं डिजिटल लाइब्रेरी, प्रतियोगी पुस्तकें, मासिक पत्रिकाएँ एवं दैनिक समाचार पत्र।
5. खेलकूद सामग्री की सुविधा।
6. शुद्ध पेयजल की सुविधा।
7. प्रति छात्र प्रति माह 15 किलोग्राम खाद्यान्न (09 किलोग्राम चावल एवं 06 किलोग्राम गेहूँ)।
8. प्रति छात्र प्रति माह ₹2000/– छात्रावास अनुदान का लाभ।

**आवेदन की प्रक्रिया**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो (02 प्रति)।
4. वैध जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
5. औरंगाबाद जिला स्थित शिक्षण संस्थान में नामांकन संबंधी प्रमाण–पत्र।
6. आधार कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
7. विगत परीक्षा के अंकपत्र की छायाप्रति।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति (खाता संख्या एवं IFSC कोड सहित)।
9. छात्रावास में अनुशासन पालन संबंधी शपथ–पत्र।

नोटः– त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

PR. No. 006414 (Welfare) 2026-27

जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के सफल, पारदर्शी और त्रुटिरहित संचालन को लेकर 28-धनवार विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में 30 जून से शुरू होने वाले गणना चरण (ऐनुमैरेशन फ़ेज) के मद्देनजर गावां, तिसरी और धनवार प्रखंड सभागारों में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का चरणबद्ध प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को तिसरी प्रखंड सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह खोरीमहुआ अनुमंडल पदाधिकारी समीर रेनियर खलखो ने भाग लेकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि



विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। साथ ही मृत, अपात्र अथवा स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान कर सूची को त्रुटिरहित बनाया जाए प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी, गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, पावती संधारण, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, ईसीनेट बीएलओ ऐप्प के उपयोग, पेरेंट्स मैपिंग एवं प्रोगेनी मैपिंग, प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन, क्यूर कोड स्कैनिंग, फोटो अपलोड, एएसडीडी सूची निर्माण एवं सत्यापन तथा प्रपत्र-6, 7 और 8 के निष्पादन संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया एसडीओ खलखो ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता काफी हद तक बीएलओ के कार्यों पर निर्भर करती है। इसलिए सभी कर्मी निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित करें और निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।उन्होंने बताया कि गावां और धनवार प्रखंड सभागारों में भी 23 जून को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रभावी संचालन एवं अनुश्रवण के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

## औचक निरीक्षण में एक्शन मोड में दिखे नगर आयुक्त

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह नगर निगम के नवनियुक्त नगर आयुक्त बिजय सिंह बिरुआ मंगलवार को बिना किसी पूर्व सूचना के नगर निगम कार्यालय पहुंच गए और सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से निगम कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कार्यालय परिसर के चबूतरे पर बैठकर साफ-सफाई व्यवस्था और कर्मियों की कार्यशैली का जायजा लिया नगर आयुक्त ने सबसे पहले सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया तथा सफाई कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए नागरिक सुविधाओं और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि बिजय सिंह बिरुआ ने 19 जून 2026 को गिरिडीह नगर निगम के नगर आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

## हजारीबाग में अपराधियों पर सख्ती, मई में 49 दोषियों को मिली सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस के प्रभावी अनुसंधान और न्यायालय में मजबूत पैरवी के परिणामस्वरूप मई 2026 के दौरान विभिन्न मामलों में 49 दोषियों को सजा सुनाई गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार माननीय न्यायालय, हजारीबाग ने 17 अलग-अलग कांडों में दोषियों को दंडित किया। मुफस्सिल थाना कांड संख्या 132/19 में एक अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास के साथ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 27/10 के हत्या मामले में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। पॉक्सो से संबंधित मामलों में तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा मिली, जबकि दुष्कर्म के एक मामले में एक अभियुक्त को सात वर्ष के कारावास का दंड दिया गया। इसके अलावा दहेज उत्पीड़न के चार मामलों में कुल आठ व्यक्तियों को सजा सुनाई गई, जिनमें तीन को तीन वर्ष और पांच को दो वर्ष के कारावास की सजा मिली। अन्य विभिन्न मामलों में कुल 33 दोषियों को भी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया। हजारीबाग पुलिस ने इसे अपराध नियंत्रण एवं दोषसिद्धि दर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## जनता दरबार में 150 से अधिक मामलों की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले भर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से आए 150 से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं इस दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, पेयजल, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत विभिन्न जनहित से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई।



उपायुक्त ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर संबंधित लोगों को राहत प्रदान की, जबकि अन्य मामलों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को सौंपते हुए त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा मामलों का समयबद्ध निष्पादन करें उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का एक प्रभावी मंच है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों की नियमित समीक्षा करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्टेशन रोड स्थित भाजपा नगर कार्यालय में मंगलवार को भाजपा नगर अध्यक्ष जयशंकर सिन्हा सिंकु की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान राष्ट्रवादी चिंतक एवं प्रखर देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए की गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके राष्ट्रवाद, अखंड भारत और राष्ट्रीय एकता के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया वक्ताओं ने कहा कि डॉ.




श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। राष्ट्रहित में दिया गया उनका बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए उनके संघर्ष और योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी गतिविधियों एवं भावी रणनीति को लेकर भी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा हुई मौके पर प्रथम मेयर सुनील पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ, जिला महामंत्री संदीप डांगेच, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता कुमारी, देवराज, राजेश जायसवाल, सुरेश मंडल, महेश राम, विनय सिंह, मनोज संघई, अमित आर्या, सुधीर यादव, नीतू शोला, गुड़िया देवी, अजय कुमार सेठ, अमर शर्मा, टिंकू सिन्हा, संतोष भारती, नीलू सिन्हा, संतोष गुप्ता, दीपक कुमार उजाला, रवि सागर, अरुण गुप्ता, अनिल बरनवाल, बबली साव, उमाशंकर प्रसाद, अमरदीप शर्मा, सुनील रजक, विकास कुमार गुप्ता, पवन कुमार, सुरेश गुप्ता, किरण देवी, पम्मी देवी, सुमन देवी, रामबाबू, मुन्नी देवी, संजय कुमार शर्मा, रूपा देवी, शकुनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने 73वें बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरही (हजारीबाग)।** धनबाद रोड स्थित भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 73वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि के साथ की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को याद कर नमन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। डॉ. मुखर्जी के विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण किया जा सकता है। मौके पर बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, विपीन सिन्हा, मंडल महामंत्री मनोज उपाध्याय, दिनेश साव, सागर चंद्रवंशी, मनोज साव, धर्मेंद्र यादव, ब्रजेश ठाकुर, दिलीप शर्मा, महेश दास, राजकुमार दास आदि थे।

## मुहर्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए शहर की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर थाना पुलिस ने सर्राफा व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन, संचालन एवं उनकी कार्यक्षमता की समीक्षा की गई बैठक की अध्यक्षता नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रतन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि हाल ही में पुलिस पदाधिकारियों के संपर्क नंबर वाले पोस्टर विभिन्न प्रतिष्ठानों में लगाए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में व्यवसायी तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकें। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई प्रतिष्ठानों में या तो सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं अथवा कैमरों का एंगल सही नहीं है। साथ ही कई स्थानों पर कैमरों की नियमित जांच भी नहीं की जा रही है थाना प्रभारी ने व्यवसायियों को निर्देश दिया कि वे अपने प्रतिष्ठानों के अंदर और बाहर दोनों ओर सीसीटीवी कैमरे उचित एंगल पर लगाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के दौरान मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों की गतिविधियों की निगरानी के लिए कैमरों का सही दिशा में होना आवश्यक है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर फुटेज कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहायक साबित हो सके।

## अफवाह फैलाने वाले और असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** जिले में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक तथा भाइचारे के साथ मनाने को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी तथा आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला एवं प्रखंडस्तरीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं मोहर्रम कमिटि के सदस्यों के साथ शांति समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आपसी भाईचारा एवं गंगा जमुना तहजीब के साथ पर्व मनाने एवं पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सदस्यों से अपने सुझाव तथा पूर्व वर्ष का फीडबैक से लिया गया। महापौर उषा देवी अग्रवाल के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कटिहार जिला में शांतिपूर्ण एवं भाइचारे के साथ मोहर्रम मनाये जाने का आश्वासन दिया एवं जिला प्रशासन को हर सम्भव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। वहीं उप महापौर मंजुर खान ने कहा कि पूर्व वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मुहर्रम आपसी भाईचारा, गंगा जमुना तहजीब एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जायेगा। एसपी परिचय कुमार ने पर्व पर विधि व्यवस्था के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर लिया जाय। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रों में शांतिपूर्ण वातावरण में मोहर्रम संपन्न कराने हेतु प्रशासन को हर संभव मदद करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस वर्ष दिनांक 26 जून तक मुस्लिम सामुदाय का मुहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर ताजिया निकालने एवं कर्बला में खेलने की परम्परा होती है। इसलिए कोई भी स्थान पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी पदाधिकारी व दंडाधिकारी जिला के महत्वपूर्ण स्थान, दो सम्प्रदाय की मिली-जुली आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतेंगे। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने तथा अफवाह फैलाने वाले तत्वों, संस्थाओं, असामाजिक तत्वों एवं गुण्डा तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही सभी स्थानीय थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारी अपने क्षेत्रों के सभी प्रकार की गतिविधियों के संबंध में सूचना एकत्र कर वरीय पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न स्थलों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, लाठी बल को अपने प्रतिनियुक्त स्थान पर ससमय उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

## पूर्णाहुति के साथ हरिनाम संकीर्तन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के रायपुर पंचायत के नवादा चौक पर आयोजित चौबीस प्रहरीय रामनाम संकीर्तन का सफल आयोजन किया गया। मुखिया आलोक चौहान के नेतृत्व ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम क्षेत्र के लिए मिशाल साबित हुआ। कार्यक्रम स्थल की सजावट, परिसर की स्वच्छता एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था बनाये रखने में आयोजन समिति की ओर से हरसंभव प्रयास किया गया था। इस चार दिवसीय आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं जोला घाट में कलश भर कर घंटों नगर भ्रमण करते हुए यज्ञस्थल पर पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना के बाद अगले सुबह लगभग दो दर्जन देवी-देवताओं की प्रतिमा का पूजन कर कीर्तन मंडलियों द्वारा हरिनाम संकीर्तन तथा वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा हवन का कार्यक्रम 72 घंटे तक निरंतर चलता रहा। हवनकुंड में पूर्णाहुति देने के बाद श्रद्धालुओं ने नम ऑखों से प्रतिमाओं का जल-प्रवाह किया गया। इस दौरान पूरे गांव सहित आसपास का वातावरण भक्तिमय रहा।ग्रामीणों की ओर से सामिष भोजन का परित्याग कर रखा था।वहीं आयोजकों द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई थी। रात में रासलीला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मेला का भी आयोजन किया गया था। समसी मालदह से आई महिला कीर्तनं मंडली इस आयोजन का मुख्य केन्द्र बनी रही। उसके प्रदर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती थी।

## पंस की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समेली /कटिहार।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति की प्रमुख अनुकंपा कुमारी ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, स्वच्छता, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि, पशुपालन एवं अन्य विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभुकों तक समय पर लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी तथा संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं नियमित निगरानी आवश्यक है। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनामिका कुमारी, प्रखंड श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विमल कुमार, सीडीपीओ कुमारी स्नेहलता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी भानु भवेश आदि उपस्थित थे।

# एक नजर

## कलश शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**फलक/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पिरमोकाम पंचायत स्थित वार्ड संख्या-9 चंदवा गांव में मंगलवार को नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर भक्ति का माहौल छा गया।इस पावन अवसर पर 1001 कुंवारी कन्याओं और महिलाओं के द्वारा एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा का शुभारंभ अमरू सिंह के कामत से हुआ,जहाँ पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कुएं से जल भरकर किया गया। इसके बाद कलश यात्रा नाकी नहर से चोचला होते हुए स्टेट हाईवे-77 के रास्ते पूरे चंदवा गांव का भ्रमण कर मंदिर परिसर पहुंच कर संपन्न हुआ।शोभा यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' के जयकारे और भक्ति गीतों से पूरा परिक्षेत्र गुंजायमान रहा।प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूल-माला और आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शोभा यात्रा में शामिल कुंवारी कन्या एवं महिलाओं को इस तपती धूप व भीषण गर्मी में किसी प्रकार का कठिनाई न हो इसका आयोजनकर्ता के द्वारा विशेष ध्यान रखा जा रहा था।साथ ही जगह- जगह शुद्ध पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था की गई था। ग्रामीणों ने बताया कि यह भव्य और आकर्षक मंदिर दिवंगत विजय कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी दिवंगत सियावती देवी की स्मृति में बनवाया गया है। उनके भतीजे जयंत कुमार सिंह ने अपनी निजी भूमि पर और निजी कोष से इस मंदिर का निर्माण करवाकर समाज को समर्पित किया है।इस धार्मिक अनुष्ठान और कलश शोभायात्रा में मुख्य रूप से कोढ़ा विधायक कविता पासवान,समिति सदस्य सतीश मंडल, पूर्व मुखिया अनंत सिंह उर्फ टिमहा सिंह, शंकर सिंह, पंकज सिंह, स्वेत कुमार सिंह, अनुज कुमार मंडल, हरेराम सिंह, पाली सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बारसोई बुनियाद केंद्र में ई-ट्राइसाइकिल का वितरण

**बारसोई/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारसोई स्थित बुनियाद केंद्र में मंगलवार को दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रॉनिक ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुल 18 लाभुकों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जानी है, जिसमें प्रथम चरण में 10 दिव्यांगजनों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण विधायक प्रतिनिधि सागर साह, विधायक के निज सहायक रोहन महतो तथा अब्दुल वदूद ने किया। कार्यक्रम के दौरान बुनियाद केंद्र की बदहाल व्यवस्था को देखकर विधायक प्रतिनिधि सागर साह नाराज हो गए। नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और कड़ी धूप के बावजूद दिव्यांगजनों के बैठने के लिए न तो शेड की व्यवस्था थी और न ही पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध थी। दूर-दराज से पहुंचे कई दिव्यांगजन खुले आसमान के नीचे धूप में बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने शिकायत करते हुए बताया कि बुनियाद केंद्र में चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते हैं। लोगों का आरोप था कि दो स्थानों पर ड्यूटी होने का हवाला देकर चिकित्सक अक्सर केंद्र से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे दिव्यांगजनों को आवश्यक चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं का लाभ नहीं मिल पाता।

## नवीन तकनीक अपनाकर किसान होंगे सशक्त

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर के कुलपति डॉ दुनिया राम सिंह मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र कटिहार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न प्रशिक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण, किसानों के खेत पर परिक्षण, खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. मृणाल वर्मा द्वारा कुलपति को विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र में नव स्थापित सामुदायिक रेडियो स्टेशन का भी निरीक्षण कुलपति के द्वारा किया गया। सामुदायिक रेडियो स्टेशन द्वारा प्रसारित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। सामुदायिक रेडियो स्टेशन द्वारा किसानों के लिए कृषि से जुड़ी समसामयिक जानकारी का प्रसारण किया जाता है जिसकी सराहना कुलपति द्वारा की गयी। आगामी 27-28 जून को बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित होने वाले आम समागम कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु रेडियो द्वारा जिंगल प्रसारित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के क्रिया कलापों पर कुलपति ने संतोष जताया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार पाठक, निदेशक प्रशासन डॉ. राजेश कुमार, निदेशक छात्र कल्याण डॉ. श्वेता शाम्भवी उपस्थित रहे।

## निर्धारित अवधि में लक्ष्य की करें प्राप्ति : डीएम

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजित किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी विकासात्मक योजनाओं के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि, शत - प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु तैयार की गई कार्य योजना विभिन्न योजना से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने क्रमवार आपूर्ति, पंचायतीराज आइसीडीएस, सहकारिता, शिक्षा, कल्याण,अल्पसंख्यक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, पीएचईडी, नगर निगम,मत्स्य आदि विभाग एवं आपदा प्रबंधन, बैंकिग आदि प्रशाखा के पदाधिकारियों से महत्वपूर्ण चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान डीएम ने निलाम पत्र पदाधिकारी को वर्ष 2005 से पूर्व के मामलों का शत-प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया तो वहीं बैंकिग प्रशाखा को फार्म 09 एवं 10 का मिलान नहीं करने वाले बैंकों से रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निदेश दिया। सभी अंचलाधिकारियों को सम्पूर्ति पोर्टल पर तेजी से डाटा इंट्री कराने का निदेश दिया। जिला पदाधिकारी ने सहकारिता विभाग धान अधिप्राप्ति,सीएमआर, सीडब्ल्यूजेसी लेकर भी निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता डॉ. बिनोद कुमार, उपविकास आयुक्त अमित कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुमार धनंजय ,जिला पंचायती राज पदाधिकारी योगेन्द्र प्रसाद, वरीय उपसमाहर्ता सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा यशस्वी सहित जिलास्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नेहावर्धन बनी राजस्व अधिकारी

**समेली /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 70 वीं बीपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर समेली प्रखंड के मल्हरिया पंचायत के खोटा गांव के किसान विपिन कुमार यादव एवं अनुपम देवी की पुत्री नेहा वर्धन ने पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अपने तीसरे प्रयास में राजस्व अधिकारी बनने वाली नेहा ने बताया कि उन्होंने अपने गांव खोटा में घर पर रहकर ही ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत की अपने पिता तथा परिवार के सदस्यों का संपूर्ण सहयोग उन्हें मिला। जिससे वो आज इस सफलता के मुकाम तक पहुंच सकी अपने क्षेत्र के छात्रों को उन्होंने संदेश दिया कि घर में रहकर भी अगर पूर्ण ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता मिल सकती है। अपने दादा स्व. नीर नारायण यादव जो पेशकार थे। उन्हें अपनी प्रेरणाश्रोत मान कर घर से ही बीपीएससी की तैयारी शुरू की नेहा ने बताया कि जब उनके दादा जी के पदोन्नति के लिए पूरे बिहार में पेन डाउन हुआ था तो इस घटना ने उन्हें ऑफिसर बनने के लिए प्रेरित किया। अपने पिता और परिवार के सदस्यों के भरपूर सहयोग को भी उन्होंने सफलता का बड़ा हिस्सा बताया। उनकी इस सफलता से पूरे प्रखण्ड क्षेत्र से बधाई संदेश मिल रहे है उनके शिक्षक बुद्धदेव मंडल, मुकेश पासवान, राजेश कुमार सहित बरारी नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद अमन कुमार उनके साथ तैयारी करने वाली साथी श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, रानी कुमारी, मनू कुमारी ने भी उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें मिठाई खिला कर शुभकामना दिया ।छोटे भाई राज वर्धन और अंजली वर्धन ने भी अपनी बड़ी बहन की सफलता को अपने लिए प्रेरणाश्रोत बताया। अमन कुमार ने नेहा की सफलता को संविधान के महत्व से जोड़ते को हुवे कहा कि डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर साहब द्वारा रचित संविधान ने महिलाओं को चाहे वो किसी धर्म जाति को हो उन्हें पढ़ने-लिखने का अधिकार दिया जिसका प्रतिफल आज दूरस्थ गांव की बेटियां भी बड़े-बड़े पदों पर जा रही हैं अधिकारी बन रही है।

# सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में रहेगी पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति

## जिले के कुल छह केन्द्रों पर पहली पाली में आयोजित होगी परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार पुलिस विशेष शाखा में सिपाही (सामान्य बंद संवर्ग) के 83 पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन बुधवार को किया जाएगा। उक्त परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में परीक्षा कार्य हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी पदाधिकारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करें।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय द्वारा संयुक्त आदेश जारी करते हुए परीक्षा संचालन से संबंधित सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा जिले के कुल 6 परीक्षा केन्द्रों पर एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो लगातार बैठकों में संपन्न होगी। प्रथम प्रश्न पत्र पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक आयोजित होगा। दोनों परीक्षाओं के मध्य निर्धारित अंतराल रहेगा जिस दौरान किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी अभ्यर्थियों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी एक बार परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने के बाद दोनों प्रश्न पत्रों की परीक्षा समाप्त होने तक केन्द्र परिसर में ही रहेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ईयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कागजात, नोट्स अथवा किसी भी प्रकार की लेखन सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अभ्यर्थियों को केवल निर्धारित दस्तावेजों के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी। उत्तर-पत्रक भरने हेतु आवश्यक पेन परीक्षा कक्ष में ही उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता, बेगूसराय, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय सहित सभी प्रतिनुक्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीएम के जनता दरबार में आए 32 मामले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में सुशासन एवं जनसरोकार को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन से समाधान की अपेक्षा व्यक्त की। जनता दरबार के दौरान कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, अतिक्रमण, राजस्व प्रशासन से जुड़े मामले तथा अन्य विभागीय शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया तथा मामलों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरतने पर बल दिया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार केवल शिकायत प्राप्त करने का मंच नहीं, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच विश्वास एवं संवाद का सेतु है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को कार्रवाई की प्रगति से भी अवगत कराते रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब एवं लापरवाही किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को सुलभ, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दरबार जैसे आयोजनों के माध्यम से प्रशासन सीधे नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होता है, जिससे उनके समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।

## एक नजर

### बच्चों को धूप में बाहर न निकलने दें : डीएम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान, भीषण गर्मी एवं बदलते मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत पूर्व में निर्गत आदेश में संशोधन करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के संचालन समय को पुनर्निर्धारित किया है। जिले के अंतर्गत संचालित सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु समय-सीमा निर्धारित की गई है। संशोधित आदेश के अनुसार वर्ग-05 तक के सभी प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्वाह्न 10:30 बजे के बाद किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी। वहीं कक्षा-06 से कक्षा-12 तक के सभी विद्यालयों में पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद पठन-पाठन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा।यह आदेश दिनांक 23 जून से 27 जून तक प्रभावी रहेगा।

### बिजली की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के पहसारा गांव में मंगलवार को 33 हजार वोल्ट विद्युत तार की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पहसारा वार्ड संख्या-13 निवासी चितो सहनी के 26 वर्षीय पुत्र मिथुन कुमार उर्फ मिठ्ठू के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार मिथुन कुमार सर्वमंगला विद्या बिहार में रंगाई-पुताई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान भवन के ऊपर से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की प्रवाहित बिजली की तार की चपेट में वह आ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया और नीचे गिर पड़ा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक पांच भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। इधर, सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मो. फिरदौस एवं सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया है।

### जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार 17 से 26 जून तक आयोजित किए जा रहे नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कर्मी ने बच्चे एवं अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों को नशामुक्त समाज के निर्माण एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेविकाओं एवं सहायिकाओं द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों को नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समुदाय को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत बेगूसराय जिले में लगभग 50 हजार से अधिक लोगों ने नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में नशामुक्त वातावरण के निर्माण का संदेश दिया गया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुश्री नेहा कुमारी ने बताया कि नशा मुक्त भारत सप्ताह के दौरान जिले में विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, रैली, नुक्कड़ नाटक, संवाद एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त बिहार के संकल्प को सशक्त बनाया जा सके।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नशा मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं मुहर्रम : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** अति संवेदनशील भागलपुर जिले में मुहर्रम पर्व के आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने हेतु आज जिला दण्डाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बताया गया कि भागलपुर में 24 जून से ही मुहर्रम त्योहार शुरू हो जाएगा। 24 जून को रात्रि से चौकी का निकाला जाएगा और 26 जून को सुन्नी समुदाय द्वारा विभिन्न स्थलों से अखाड़ा निकाला जायेगा जो सराय, किला घाट पहुंचेगी और 3:00 बजे दिन तक अपने स्थान पर लौटेगी। 27 जून 2026 शुक्रवार को शिया समुदाय द्वारा जुलूस निकाला जाएगा और सहजांगी कर्बला तक कोतवाली- इमामबाड़ा- ततारपुर होते हुए पहुंचेगी। साथ ही कोतवाली चौक, सहजांगी, सराय, किला घाट सहित भीड़भाड़ वाले स्थान पर सीसीटीवी या वीडियोग्राफर की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया गया। श्रीमती पांडेय ने कहा कि सभी अखाड़ा में खलीफा मौजूद रहें। 10 से 12 बुजुर्ग रहें और उनका नाम और आधार कार्ड संबंधित थाना रखें ताकि मौके पर उनसे संपर्क किया जा सके। उन्होंने सिविल सर्जन को एंबुलेंस सक्रिय अवस्था में ऐसी जगह रखने के निर्देश दिए ताकि जरूरत पड़ने पर उसका मूवमेंट हो सके ना कि वह भीड़ में फंस जाए। अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमनशील रहकर शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम पर्व संपन्न करने के निर्देश दिए। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि आपका सुझाव संबंधित विभाग द्वारा लिख लिया गया है। और सभी लोग सक्रिय हैं। ताजिया कमेटी के लोग यह सुनिश्चित करवाएंगे की अखाड़ा में कोई घातक हथियार लेकर ना चले। अखाड़े के साथ बुजुर्ग लोग चलते हैं तो अखाड़ा नियंत्रित रहती है। डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अतुलेश झा, नगर निगम के आयुक्त किसलय कुशवाहा, नवगछिया के पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, अपर समाहर्ता दिनेश राम, संयुक्त निदेशक नागेंद्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिला सामान्य शाखा की प्रभारी सोनाली कुमारी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर परिषद, सुलतानगंज को निर्देश दिया कि आगामी 30 जून तक संबंधित एजेंसी के माध्यम से 1200 सफाई कर्मियों का योगदान सुनिश्चित कर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को नमामि गंगे घाट एवं सीढ़ी घाट तथा नगर निगम, भागलपुर को बरारी घाट एवं एस.एम. कॉलेज स्थित सीढ़ी घाट की बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रमुख घाटों पर साइनेज लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि वहां उपलब्ध जलस्तर एवं पानी की गहराई का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके। श्रीमती पांडेय ने मेला क्षेत्र में अस्थायी दुकानों के संचालन हेतु सुलतानगंज अंचल कार्यालय में 'सिंगल विंडो सिस्टम' स्थापित करने का निर्देश दिया। इस व्यवस्था के माध्यम से बिजली कनेक्शन, दुकानदारों का निबंधन तथा अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां त्वरित रूप से निर्गत की जाएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि दुकान रैयती भूमि पर भी संचालित हो रही हो, तब भी विधि-व्यवस्था की दृष्टि से उसका निबंधन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि प्रत्येक दुकान की पहचान एवं अभिलेख उपलब्ध रह सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को श्रावणी मेला के लिए कराए जाने वाले कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि इस वर्ष श्रावणी मेला में विगत वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने इसके अनुरूप पुलिस बल के आवासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित

## निर्धारित समयावधि के भीतर उपयोगिता प्रमाण-पत्र समर्पित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन भोजपुर की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज फाउंडेशन मद से चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जीविका एवं कल्याण से संबंधित पूर्व स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, बुडको को संदेश एवं बड़हरा प्रखंड के बालू खनन प्रभावित क्षेत्रों में मुक्तिधाम निर्माण हेतु विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को बालू खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से रंबल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, परावर्तक सुरक्षा उपकरणों एवं अन्य आवश्यक सड़क सुरक्षा उपायों के अधिष्ठापन हेतु विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को पूर्ण हो चुकी योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित समयावधि के भीतर समर्पित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में चाहरदीवारी निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार तथा चिन्हित स्थलों पर हाई मास्ट लाइटों की स्थापना का कार्य कराया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है।

## महापौर ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**कटिहार (नबिटा संवाददाता)।** नगर निगम के कार्यालय कक्ष में महापौर ऊषा देवी अग्रवाल की ओर से जनता दरबार का आयोजन किया गया। महापौर ने अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 42 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद, नालों की साफ - सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पे होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आए।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 48-49, 70-73-एमएलडीटी-26-27, दिनांक 22.06.2026, (एफओबी, सिविल और पी.वे कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.:48-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अंतर्गत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में मसुदन स्टेशन पर प्रथम फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान, बरियारपुर एवं धनौरी स्टेशनों पर मौजूदा फुट ओवर ब्रिज के विस्तार के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 6,64,90,371.66, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:49-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** "वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अंतर्गत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल के कल्याणपुर रोड, खड़ियापीपरा हाल्ट और घोघी बरियारपुर स्टेशनों पर प्रथम फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान" के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 7,68,66,850.16, **क्रम सं. 3, निविदा सं.:70-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/मालदा के अंतर्गत मालदा मंडल के अबूजगंज, पवई ब्रह्मस्थान, रामपुर और बिंदुबासिनी हाल्ट स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज (3 मीटर चौड़ा) के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 13,37,80,138.58, **क्रम सं. 4, निविदा सं.:71-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** "वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में रखरखाव गतिविधियों के संबंध में विभिन्न ट्रैक डिपो से पी. वे सामग्री जैसे कि रेल, स्लीपर, स्विच, एसईजे, ग्लूड जॉइंट, पी. वे फिटिंग्स आदि के परिवहन" के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 56,60,834/- **क्रम सं. 5, निविदा सं.:72-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/एल/जमालपुर के अंतर्गत नाथनगर, अकबरनगर और सुलतानगंज में मौजूदा मीडियम लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 4,46,86,428.31, **क्रम सं. 6, निविदा सं.:73-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अंतर्गत वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी. वे-II/जमालपुर की शाखा में जमालपुर यार्ड की नई गुड्स साइडिंग सहित जमालपुर यार्ड, जमालपुर-मुंगेर सिंगल लाइन (0/0-7/639) और वाई-लेग के लिए विभिन्न तरह के ट्रैक कार्य, नाली की सफाई और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 74,15,524.46, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 13.07.2026 को 15.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पटः www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी।**

MLD-104/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## जनसहयोग शिविर में प्राप्त 65 आवेदन में 58 निष्पादित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** रजाकपुर पंचायत में मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से जनसहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने किया। डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पूर्व में विभिन्न विभागों से ऑनलाइन 65 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 58 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं मंगलवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से लगभग 100 से ऊपर आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सुनवाई एवं निष्पादन के लिए सौंप दिया गया है, जिनका निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। आज के शिविर में नल जल योजना, आवास योजना एवं बिजली विभाग से संबंधित ज्यादा संख्या में आवेदन आया हैं। आज के शिविर में सबसे अधिक पेंशन नहीं मिलने का आवेदन आया जिसको संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाणपत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सेमेस्टर-पांच के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित 120 घंटे का अनिवार्य इंटर्नशिप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत मंगलवार को आईएम हॉल में प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 1 जून से 20 जून तक सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना के तत्वावधान में संचालित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएम के अध्यक्ष डॉ एके राय, सचिव डॉ पंकज कुमार, आदर्श परिकल्पना के सचिव मो आरिफ हुसैन, तबस्सुम खान तथा जयमंगला वाहिनी के सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इसके उपरांत अतिथियों ने इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाणपत्रों का वितरण किया।
अपने संबोधन में आईएम के अध्यक्ष डॉ एके राय ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। आईएम के सचिव डॉ पंकज कुमार ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि व्यावहारिक कौशल और सामाजिक अनुभव भी आवश्यक हैं। तबस्सुम खान ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को निरंतर सीखने और समाज के प्रति संवेदनशील बने रहने का संदेश दिया।वहीं जयमंगला वाहिनी के सुमित कुमार ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मक सोच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इंटर्नशिप ने उन्हें नई सीख, आत्मविश्वास और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## चित्रकला पेंटिंग प्रदर्शनी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में नाबार्ड एवं जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय चित्रकला पेंटिंग प्रदर्शनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं में कला कौशल का विकास करना, उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना तथा मिथिला चित्रकला जैसी पारंपरिक लोक कलाओं को बढ़ावा देना था। समापन अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं एवं छात्राओं द्वारा तैयार की गई मिथिला पेंटिंग सहित विभिन्न कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्रों में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराएं, प्रकृति, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को आकर्षक एवं रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों की कलात्मक अभिव्यक्ति एवं रंगों के सुंदर संयोजन ने उपस्थित लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिथिला चित्रकला बिहार की पहचान एवं गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर है जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। बल्कि महिलाओं एवं युवतियों के लिए स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर भी सृजित करते हैं।

## योजनाओं एवं कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, लंबित मामलों के निष्पादन तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम, निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार, जिला समन्वयक विश्वजीत सिंह सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी पंचायत राज पदाधिकारी वीसी के माध्यम से भाग लिया। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने ग्राम कचहरियों के माध्यम से संचालित आपसी बंटवारा मामलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले में कुल 2,120 मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 22 जून तक 476 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 463 मामले प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले की कुल 217 पंचायतों में से 58 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 93 भवन निर्माणाधीन हैं।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: **26-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 22.06.2026** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल-स्टेशनों/केबिन में डेटा लॉगर एवं एमएसडीएसी के लिए एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर के साथ डायग्नोस्टिक टर्मिनल का प्रावधान"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,71,02,563/-, **बयाना राशि:** रु. 3,42,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 15.07.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in**

ASN-151/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# अवैध खनन पर हर हाल में लगे रोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन महानिदेशक की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोन नदी के संवेदनशील भागों में बालू खनन गतिविधियों के विनियमन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में बालू खनन की वर्तमान स्थिति एवं निगरानी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान जिले में बालू खनन की वर्तमान स्थिति, निगरानी व्यवस्था एवं नियंत्रणात्मक उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बालू खनन कार्य स्वीकृत खनन योजना के अनुरूप ही संचालित किया जाए तथा ज़िला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) के आधार पर ही खनन क्षेत्रों का चयन एवं पट्टा आवंटन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वार्षिक पुनः पूर्ति अध्ययन के आधार पर खनन योग्य रेत की मात्रा निर्धारित करने, निर्धारित खनन गहराई एवं पट्टा सीमा का कड़ाई से पालन करने तथा पुल, तटबंध, जलापूर्ति संरचनाओं एवं पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के निकट खनन गतिविधियों को प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सोन नदी में बालू खनन कार्य रेत खनन के लिए प्रवर्तन और निगरानी दिशा-निर्देश (ईएमजीएसएम)-2020, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 तथा बिहार बालू खनन नीति, 2019 के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईएमजीएसएम-2020 का मूल उद्देश्य वैज्ञानिक, पारदर्शी एवं पर्यावरण-अनुकूल रेत खनन सुनिश्चित करना तथा तकनीक आधारित निगरानी और सख्त प्रवर्तन व्यवस्था के माध्यम से अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से निगरानी, निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जाती है। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) (संशोधित) नियमावली, 2026 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। बैठक में बालू खनन गतिविधियों के प्रभावी विनियमन, पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन तथा अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यालय स्तर से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सतत निगरानी, प्रभावी प्रवर्तन एवं आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रखने का निर्देश दिया गया।

## दुष्कर्म के आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में फरार अभियुक्त ने व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में आत्मसमर्पण कर दिया। अभियुक्त की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के परता गांव निवासी मंजित कुमार के रूप में की गई है। इस संबध में महिला थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि वर्ष 2023 में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें पीड़िता ने बताया था कि अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। मामले में अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर उसके संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी जबकि यह हर बार पुलिस की भनक पाकर मौके से भाग निकलता था। इसी क्रम महिला थाना की पुलिस द्वारा लगातार दबिश पर अभियुक्त ने व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को आत्मसमर्पण किया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# औरंगाबाद के नए एसपी ने संभाला पदभार

## शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : उपेंद्र नाथ वर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिले को नया पुलिस अधीक्षक मिल गया है। बिहार सरकार द्वारा किए गए स्थानांतरण-पदस्थापन के बाद उपेंद्र नाथ वर्मा ने मंगलवार को औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद समाहरणालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस बल ने परंपरा के अनुसार नए एसपी का स्वागत किया। इस दौरान उपेंद्र नाथ वर्मा ने परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिस जवानों से परिचय प्राप्त किया। उपेंद्र नाथ वर्मा भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अनुभवी अधिकारी माने जाते हैं। इससे पूर्व वे राज्य के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही है। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने हत्या, लूट, अपहरण तथा महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही थाना स्तर पर आम लोगों की शिकायतों के शीघ्र निष्पादन और जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने पर जोर दिया। नवनियुक्त एसपी ने शराब, गांजा तथा अन्य अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपेंद्र नाथ वर्मा ने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। पुलिस हमेशा जनता के साथ खड़ी रहेगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। नए एसपी के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हत्या के जुर्म में पिता-पुत्र दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** महिला की हत्या के जुर्म में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज 9वें ने दाउदनगर थाना की एक कंाड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए बाप-बेटे को दोषी ठहराया है। एपीपी राजाराम चौधरी ने बताया कि दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त काराधिन शिवम कुमार एवं रंजीत चंद्रवंशी को दोषी करार दिया गया है और रंजीत चन्द्रवंशी को बंधपत्र विखंडित कर काराधिन शिवम कुमार के साथ जेल भेज दिया है। अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई थी। चौरम गांव निवासी सूचक नीरज कुमार को लालमुनी देवी एवं रिंकी देवी ने अभियोजन का समर्थन किया था। प्राथमिकी सूचक नीरज कुमार ने 20 मई 2023 को अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उसकी चाची संजु कुंअर सुबह 5.30 बजे घर से बाहर शौच से वापस लौट रही थी तो रास्ते में शिवम कुमार से किसी बात पर बहस होने लगी। शिवम कुमार ने चाकू तथा उसके पिता ने चाची को लाठी से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसे दाउदनगर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से रेफर होने के बाद सदर अस्पताल, औरंगाबाद में इलाज के दौरान 22 मई 2023 को उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम में धारदार हथियार से चोट की पुष्टि हुई थी। अभियुक्त शिवम कुमार और रंजीत चन्द्रवंशी को घटना के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। मृतका के नाबालिग लड़का विकी कुमार ने बताया कि पिता के बाद इस घटना से हमने माता को भी खो दिया। सज़ा के बिंदु पर सुनवाई 7 जुलाई को होगा। अभियुक्तों पर न्यायालय द्वारा भादंवि धारा -341, 323, 326, 307, 302 और 34 में संज्ञान लिया गया था।

## बैंक खुलने से लोगों को मिलेगा आर्थिक संबल : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के रमेश चौक के पास मंगलवार को सीएसबी बैंक लिमिटेड की नई शाखा का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह, भाजपा नेता अरविंद कुमार सिंह एवं संजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समारोह में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि औरंगाबाद संभावनाओं का जिला है और यहां विकास की गति लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र में नए बैंकों का खुलना इस बात का संकेत है कि वहां आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं और लोग समृद्धि की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सीएसबी बैंक युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने, छोटे कारोबारियों को वित्तीय सहायता देने तथा जिले के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैंक अधिकारियों ने बताया कि सीएसबी बैंक लिमिटेड दक्षिण भारत का एक प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र का बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1920 में हुई थी। वर्तमान में देशभर में इसकी 861 से अधिक शाखाएं संचालित हैं। बैंक डिजिटल बैंकिंग, एमएसएमई फाइनेंसिंग और गोल्ड लोन सेवाओं के लिए विशेष पहचान रखता है। समारोह में जोनल हेड गौरव महाजन, शाखा प्रबंधक धीरज कुमार सिंह, क्लस्टर हेड प्रवीण मिश्रा, गया शाखा प्रबंधक योगेंद्र कुमार एवं समेत कई बैंक अधिकारी के अलावा भाजपा नेता पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कांग्रेस नेता चुलबुल सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद मुन्ना, धर्मेंद्र शर्मा, वार्ड पार्षद सुशील सिंह, अनीता सिंह, रामरूप सिंह, टूना प्रसाद गुप्ता, अविनाश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## मजदूरी कर लौट रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के बारून थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गेमन पुल के पास हुई जहां पैदल घर लौट रहे एक मजदूर को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के नवनेर गांव निवासी गोरख राजवंशी के 32 साल के बेटे अवधेश राजवंशी के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। अवधेश राजवंशी बेहद गरीब परिवार से था और मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह रोजाना की तरह मजदूरी करने डेहरी गया हुआ था। काम समाप्त होने के बाद वह पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गेमन पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद अवधेश को बेहोशी की हालत में समझते हुए इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर थाना अध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। बारून थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हुए वाहन और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 13 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा आज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा विशेष शाखा में सिपाही के पदों पर चयन हेतु आज 24 जून को आयोजित लिखित परीक्षा के सफल, सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया कि प्रथम प्रश्न पत्र का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय प्रश्न पत्र का आयोजन मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के संचालन हेतु औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुल 13 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। अपर समाहर्ता ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल के साथ की गई है, जो प्रेक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

